kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-57 ❒ शनिवार, 28 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



आज बेटियाँ खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

केशव प्रसाद मौर्य

पीएम मोदी 30 को नमो ऐप के जरिए असम के लोगों से करेंगे सीधा संवाद 11

मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री से की भेंट 12

## श्रीराम जन्मोत्सव पर दिखा आस्था व विज्ञान का अद्भुत मिलन

# भगवान सूर्य की किरण ने किया रामलला का मस्तकाभिषेक

एजेंसी

अयोध्या । पूरे भारत सहित उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भी रामनवमी का पर्व बड़े उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर ठीक दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का प्रतीकात्मक जन्म मनाया गया।भगवान सूर्य ने अपनी किरण से श्रीरामलला का मस्तकाभिषेक किया। उसके बाद प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में श्रीराम मंदिर में भगवान सूर्य की किरणों से श्रीरामलला के मस्तकाभिषेक का सीधा प्रसारण देखा। राम जन्मोत्सव पर पूरी अयोध्या में अभूतपूर्व उत्साह दिखा है। रामनवमी के दिन शुक्रवार को अयोध्या नगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिला प्रशासन के अनुसार 26 व 27 मार्च को करीब 35



लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं।

पावन नगरी अयोध्या रामनवमी के अवसर पर भक्ति, उल्लास और भव्यता से सराबोर रही। रामलला के जन्म के साथ ही नगर में चारों ओर ''भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला'' की गूंज सुनाई देने लगी। जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम के जन्म होने के बाद आरती उतारी गई। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला को सूर्य की किरणों से दिव्य 'सूर्य

- ❒ रामनवमी पर उमड़ा सैलाब, 35 लाख श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या
- ❒ श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया श्रीरामलला का जन्मदिन
- ❒ श्रीरामलला को 56 भोग अर्पित, मंदिरों में हुआ कीर्तन, पूरी अयोध्या में दिखा जबरदस्त उत्साह
- ❒ रामनवमी पर दो दिन में 35 लाख श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या, चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

तिलक' हुआ। दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की स्वर्णिम किरणें वैज्ञानिक व्यवस्था के माध्यम से गर्भगृह में प्रवेश कर रामलला के मस्तक पर चार मिनट तक विराजमान रहीं। उसके बाद प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। श्रीजन्मभूमि मंदिर में श्रीराम का जन्म होते ही पूरी अयोध्या में जमकर

### सूर्य तिलक आस्था, आत्मगौरव और अध्यात्म का आलोक : योगी

रामनवमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर भावपूर्ण संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा, ल्लसूर्यवंश शिरोमणि प्रभु श्री रामलला के दिव्य भाल पर विराजित यह स्वर्णिम 'सूर्य तिलक' आस्था, आत्मगौरव और अध्यात्म का आलोक है। यह तिलक सनातन संस्कृति की शाश्वत चेतना को जागृत करता हुआ, भारत के ● शेष पेज 11 पर

पटाखे छूटे। श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह दिखा है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल होने के अयोध्या पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पर मंदिर के मुख्य मार्ग पर संतों ने पर फूल बरसाए। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

## गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन अनुष्ठान :

# मुख्यमंत्री योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर, । मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धाभाव से उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक (चैत्र) नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में मुख्यमंत्री योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा, उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

शुक्रवार पूर्वाह्न, वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। ● शेष पेज 11 पर



### उप्र में सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस : सीएम योगी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए संवेदना है, लेकिन भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। ● शेष पेज 11 पर

# ट्राला में पीछे से घुसी पिकअप आठ की मौत व 20 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले में शुक्रवार दोपहर बाद कानपुर-प्रयागराज हाइवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वाहन पीछे से ट्राले में घुस जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई है। इसके अलावा बीस लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और जिला प्रशासन अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है। इस संबंध में सिराथू सामुदायिक केंद्र पर कौशाम्बी के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि एक पिकअप वाहन में एक परिवार कुछअन्य लोगों



❒ प्रयागराज में मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार और अन्य

के साथ प्रयागराज में किसी बच्चे का मुंडन करा कर पिकअप वाहन से लौट रहा था। तभी डोरमा गांव में पेट्रोल पंप के पास सड़क पर आगे जा रहे एक ट्राला में उनका पिकअप वाहन घुस गया। सूचना मिलने ● शेष पेज 11 पर

# बजट 2026-27 पर संसद की मुहर

नई दिल्ली । संसद ने शुक्रवार को वित्त विधेयक 2026-27 को अपनी मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने ध्वनिमत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया, जिससे एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ इस विधेयक को पारित किया था। इसके साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही 30 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद वित्त विधेयक को लोकसभा को वापस भेज दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब दिए। इसके साथ ही संसद से केंद्रीय बजट 2026-27 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले सीतारमण ने ● शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रपति ने सीपीईएस, आईईएस अधिकारियों को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा (सीपीईएस) और भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ये अधिकारी देश की प्रगति के अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं और उनके निर्णय देश को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने अधिकारियों को समर्पण और जुनून के साथ कार्य करने की सलाह दी तथा ● शेष पेज 11 पर

## रसोई गैस उत्पादन में 40 फीसदी वृद्धि,

# कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति 70 फीसदी तक बहाल: केंद्र

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक रुकावटों के बावजूद भारत ने कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है। साथ ही घरेलू रसोई गैस के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है, जबकि कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को धीरे-धीरे 70 फीसदी तक बहाल कर दिया गया है, जिसमें प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के कारण ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को यहां आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है। इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डालने के बजाय स्वयं वहन किया है, जिससे पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये प्रति लीटर कम हो गया है। अप्रैल 2022 से पेट्रोल और डीजल की कीमतें या तो कम हुई हैं या स्थिर बनी रही हैं। यहाँ तक कि अप्रैल 2025 में जब उत्पाद शुल्क बढ़ाया गया था तब भी इसका अतिरिक्त बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया। ● शेष पेज 11 पर

### देश में लॉकडाउन की संभावनी पूरी तरह गलत : केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देश में लॉकडाउन लगाए जाने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है और इस पर कोई विचार भी नहीं किया जा रहा है। सरकार ने इसे अफवाह करार देते हुए लोगों से भ्रमित न होने की अपील की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि लॉकडाउन लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और पेट्रोल, डीज़ल तथा एलपीजी की ● शेष पेज 11 पर



# विश्व हिंदू परिषद छुआछूत को दूर करने के लिए है कटिबद्ध : देव जी भाई रावत

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार पर माल्यार्पण,पुष्पर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । विश्व हिंदू परिषद लखनऊ विभाग की सामाजिक समरसता की बैठक लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित सेलिब्रिटी गार्डन में आयोजित थी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख देवजी भाई रावत एवं अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ,प्रांत मंत्री देवेंद्र ,विभाग मंत्री योगेश आसीन थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार पर माल्यार्पण,पुष्पर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में देवजी भाई रावत ने लखनऊ विभाग के सभी जिलों की कार्यकारिणी के दायित्वान कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़ने और अपने कार्य में सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रवास (क्षेत्रीय दौरे) पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रवास के माध्यम से ही नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़ेंगे और उनमें ऊर्जा तथा उत्साह का संचार होगा। समाज में समरसता पर बल देते हुए देव जी भाई रावत ने कहा कि छुआछूत हमारे समाज का हिस्सा कभी नहीं था। यह प्रथा बाहरी आक्रमणकारियों की देन है। उन्होंने इस भेदभाव को समाप्त करने और समाज में समानता एवं सौहार्द का वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व हिंदू परिषद छुआछूत को दूर करने के लिए कटिबद्ध है और इसे समाप्त करके ही दम लेगी।*सेवा बस्तियों में हिन्दू परिवार मित्र बनायेगी विहिप*देवजी भाई रावत ने बताया कि समरसता यात्रा के दौरान अस्पृश्यता मुक्त भारत व समरसता युक्त भारत बनाने के लिए गांवों में आम जनता से संकल्प कराया जायेगा। प्रत्येक जिले में बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए ट्रेनिंग सेन्टर प्रारम्भकर दलित युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जायेगा। आने वाले समय में अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रावासों में पढ़ने वाले बच्चों से सम्पर्क व सहयोग की योजना बनाई गयी है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता सेवा बस्ती के एक- एक परिवार को गोद लेकर हिन्दू परिवार मित्र बनायेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रांत सेवा प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, प्रान्त प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह एवं लखनऊ विभाग एवं जिले के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज ट्रिपल आईटी में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 29 मार्च से

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




प्रयागराज । भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद अपने बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ल्लएफर्वेसेंस 2026ङ्क के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। यह उत्सव संस्थान के झलवा परिसर में 29 से 31 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी ट्रिपल आईटी के पीआरओ डॉ पंकज मिश्र ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि संस्कृति, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा के जीवंत संगम के लिए प्रसिद्ध एफर्वेसेंस देश भर से प्रतिभागियों को आकर्षित करता है और इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों की भव्य श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रथम दिन यानी 29 मार्च को उत्सव की शुरुआत कॉग्नोसेंटिया राउंड-2, बाइक शो और ओपन डांस जैसे रोमांचक कार्यक्रमों के साथ होगी। शाम को उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद अनप्लग्ड, माइम और मूवी नाइट जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी, जो पूरे उत्सव का उत्साहपूर्ण माहौल तैयार करेंगी।दूसरे दिन, 30 मार्च के मुख्य आकर्षणों में क्रॉस रोड्स, फ़ेस पेंटिंग एवं कॉस्प्ले, ए ला मोड (फैशन शो), साइकेडेलिया, इनोवेशन प्रदर्शन और ऊर्जावान नृत्य प्रतियोगिता फुटलूज़ शामिल हैं।

ये कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करेंगे।अंतिम दिन, 31 मार्च को ग्रैफिटी, नुक्कड़ नाटक और ओपन माइक जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कला और अभिव्यक्ति को मंच दिया जाएगा। उत्सव का समापन प्रसिद्ध पार्श्व गायक बेनी दयाल की भव्य संगीत प्रस्तुति के साथ होगा, जो इसे एक यादगार समापन प्रदान करेगा।उत्सव के समन्वयक ध्रुव समदानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर के छात्रों और कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की उम्मीद है, जिससे यह प्रतिभा, विविधता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक भव्य मंच बनेगा। समदानी ने बताया एफर्वेसेंस शहर की रचनात्मकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए सभी प्रतिभागियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा।

## प्रयागराज गंगा हादसाः 4 युवकों की डूबने से मौत,सीएम ने लिया संज्ञान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के बामपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गंगा में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सभी युवक नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूब गए। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने घटना की जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला—लिव-इन रिलेशनशिप अपराध नहीं

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि शादीशुदा पुरुष का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना अपराध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक नैतिकता कानून से ऊपर नहीं हो सकती और यदि दो वयस्क अपनी सहमति से साथ रह रहे हैं, तो उसे अपराध नहीं माना जा सकता।यह फैसला एक कपल की याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने महिला के परिवार से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की थी। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को कपल को सुरक्षा देने का आदेश दिया है। साथ ही शाहजहांपुर के एसएसपी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अदालत ने राज्य सरकार को भी नोटिस जारी करते हुए 8 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की नहीं हो सकी पहचान, अस्पताल में जिंदगी की जंग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के यमुनानगर क्षेत्र अंतर्गत थाना लालापुर इलाके में इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। लालापुर-प्रतापपुर मार्ग पर सुपारी बाग कुएं के पास करीब तीन-चार दिन पहले एक अज्ञात बुजुर्ग सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए उन्हें तत्काल स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हैरानी की बात यह है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। न कोई परिजन अस्पताल पहुंचा और न ही किसी ने उन्हें खोजने की कोशिश की। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी बुजुर्ग के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत थाना लालापुर प्रभारी से संपर्क करें। एक छोटी सी जानकारी इस बेनाम बुजुर्ग को उसके परिवार से मिलाने का जरिया बन सकती है।

## नैनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 अभियुक्त गिरफ्तार,स्मैक बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के थाना नैनी पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 26 मार्च 2026 को छिवकी स्टेशन के पास से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों में रितिक कुमार, सलमान सिद्दीकी और दीपक भारतीया शामिल हैं। इनके कब्जे से कुल 38.18 ग्राम अवैध स्मैक, एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल और 410 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस मामले में थाना नैनी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, तीन साथी जख्मी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मांडा थाना क्षेत्र के बभनी हेठार गांव में शुक्रवार को कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि हादसे में तीन युवक घायल हो गए।पुलिस के अनुसार, मांडा थाना क्षेत्र के बभनी हेठार गांव निवासी विरेन्द्र कुमार (28) मजदूरी और खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी सीता, दो बेटे और एक बेटी हैं। शुक्रवार सुबह वह अपने तीन दोस्तों के साथ गांव में सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में विरेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी मामूली रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।इस संबंध में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा वाहन की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राम नवमी पर दिखा भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम

**फर्रुखाबाद,प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राम नवमी पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। एक ओर जहां घर-घर में कन्या भोज का आयोजन किया गया, वहीं मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर माता रानी के भंडारों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।मंगला गौरी मंदिर एवं गुड़गांव देवी मैया प्रांगण में प्रसाद वितरण के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। वहीं, काली देवी मंदिर में जय भोले बाबा कमेटी द्वारा कढ़ी-चावल का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, भोले दीपक गुप्ता, विक्की ठाकुर, उदय प्रताप, भोपाल वर्मा, सुभाष वर्मा, पीयूष गुप्ता, आशीष अग्रवाल, तन्मय मिश्रा एवं भूपेंद्र ठाकुर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।इसी क्रम में मणिलाल गेट स्थित साधना मेडिकल स्टोर के पास भी पूरी-सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रवेश कुमार, पिंकू भइया, रिंकू भैया, सोनू शंकर समेत कई भक्तों ने सेवा कार्य में सहभागिता की। बढ़पुर क्रिशचियन इंटर कॉलेज गेट के निकट स्थित मंदिर पर भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया ‑ जिसमे भीड़ उमड़ी ‑ अनुराग गंगवार, बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता आदि रहेम्नवमी के अवसर पर आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों से पूरे शहर में आस्था, सेवा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# साउथ सिटी-रजनीखंड आरओबी निर्माण को मिली मंजूरी राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनपद लखनऊ में उत्तर रेलवे के सुल्तानपुर-उतरेठिया रेल खंड पर साउथ सिटी और रजनीखंड के बीच रेलवे लाइन पर ?157 करोड़ की लागत से बनने वाले 2-लेन रेल उपरिगामी सेतु (टग्उ) के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदयतल से आभार व्यक्त किया है।डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को मंजूरी मिलने से रायबरेली रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा तथा सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में ट्क्कक्क एवं तेलीबाग के आसपास स्थित सैकड़ों कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए यह अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।उन्होंने बताया कि कर्नल सत्येंद्र सिंह जी एवं क्षेत्रवासियों द्वारा इस परियोजना की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिलना जनभावनाओं का सम्मान है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह परियोजना न केवल क्षेत्र के रहवासियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाएगी, बल्कि जाम की समस्या को कम कर आमजन को बड़ी राहत भी प्रदान करेगी। यह प्रदेश में सुदृढ़ एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है।

# मां कल्याणी ने चतुर्भुजी रुप धारण कर माता सिद्ध दात्री के रुप में भक्तों को दिए दर्शन

❒ मां के अलौकिक रूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर भक्तगणों ने जोरदार जयकारा लगाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के नवमी दिवस पर प्रातःकाल महामंत्री पंडित श्यामजी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मां कल्याणी जी का मंगला आरती कर माता सिद्ध दात्री का आह्वान किया। इसके बाद दोपहर 02 बजे तक मां का दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

शाम 06 बजे मां कल्याणी देवी का श्रृंगार दर्शन का पट भक्तों के लिए खोला गया और मां कल्याणी स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित चतुर्भुजी स्वरुप में हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण कर माता सिद्ध दात्री के स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिया। मां के अलौकिक रूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर भक्तगणों ने जोरदार जयकारा लगाया और पूरा कल्याणी देवी धाम मां के जयकारे से गूंज उठा। शाम को महाआरती और मध्य रात्रि शयन आरती अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक द्वारा विधिवत किया गया। इसके अलावा दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया और कुंवारी कन्याओं का पूजन भोजन के पश्चात दुर्गा सप्तशती पाठ, एवं शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई और भंडारे का आयोजन किया गया।

मेले के प्रबंधन अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक, महामंत्री श्यामजी पाठक, संयोजक अनिल पाठक, यज्ञाचार्य संतोषानंद महाराज, दिलीप पाठक, सुधीर सहित सैकड़ों स्वयं सेवक एवं पुलिस के जवान तैनात रहे।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अंतर्गत श्री नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के अंतिम दिवस पर भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास डॉ अनिरुद्ध महाराज ने उत्तर कांड में वर्णित राम राज्याभिषेक का वर्णन किया। उन्होंने राम जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म अधर्म का नाश और धर्म की विजय के लिए अयोध्या की पावन धरा पर हुआ था। उन्होंने कहा कि हिंदुओं जागो श्री राम जन्मोत्सव का पर्व हमें एकजुट होने का संदेश देता है। इसलिए हमें अपनी तीज त्यौहार सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखना होगा।कथा का संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुमार नारायण, पंडित कृष्ण कुमार पाठक, महामंत्री सुबोध खन्ना, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, शिवबाबू त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, मनोज टंडन, कुंवरजी टंडन, राजू यादव सहित सैकड़ों भक्तों ने आरती की।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि : ठाकुर केशवदेव ने दिये राम रूप में दर्शन

❒ शुक्रवार सुबह से ही भागवत-भवन मंदिर में गणपति स्थापन, शोडष मातृका, नवग्रह-पूजन, गर्भ-स्तुति आदि के साथ हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मथुरा । उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में रामनवमी पर्व पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाया गया। भागवत-भवन स्थित राम मंदिर में श्रीरामचरित मानस के नौ दिवसीय नवान्ह पारायण पाठ के समापन पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने स्वर से स्वर मिलाते हुए मर्यादा पुरूषोत्तम के जन्म पर सुन्दर बधाई गीत हुआ।

प्राकट्य पर्व का शुभारम्भ शुक्रवार सुबह से ही भागवत-भवन मंदिर में गणपति स्थापन, शोडष मातृका, नवग्रह-पूजन, गर्भ-स्तुति आदि के साथ हुआ। इसके उपरान्त मध्यान्ह 12 बजे भागवत-भवन में प्रभु श्रीराम के नवस्थापित रजत-विग्रह का दिव्य जन्माभिषेक दूध, दही, गौघृत, शर्करा, शहद, सुगन्धित द्रव्य एवं दिव्य औषधियों से किया गया। पुष्पार्चन के उपरान्त घण्टे, घड़ियाल व शंख ध्वनि के साथ भगवान श्रीराम की प्राकट्य आरती हुयी। श्रीरामजी मंदिर में भव्य फूलबंगला, विशेष श्रृंगार, पोषाक एवं पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया। रामनवमी पर जन्मस्थान परिसर में स्थित भगवान केशवदेवजी महाराज के मनोहारी श्रीविग्रह के प्रातः से श्रीराम रूप में दर्शन करके भक्तजन आनन्दित हो उठे। इस दौरान संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं डा. रोशन लाल समेत अन्य भक्तजन मौजूद रहे।

# मलिहाबाद पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह का किया भंडाफोड़

❒ 34 लाख की ठगी का खुलासा, टेलीग्राम-गेमिंग ऐप से करते थे ठगी, 3 शातिर गिरफ्तार- मास्टरमाइंड फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस और उत्तरी जोन की सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक संगठित साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस नें तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार साइबर क्राइम पोर्टल से प्राप्त सूचना के आधार पर एक मलिहाबाद के ढ़ेढेमऊ स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया ब्रांच के एक संदिग्ध बैंक खाते की जांच की गई, जिसमें असामान्य लेन-देन पाए गए। जांच में पता चला कि यह खाता ग्राम खानपुर मऊ थाना काकोरी निवासी सुमित कुमार 25 वर्ष पुत्र सुशील कुमार के नाम पर संचालित था, जिसका उपयोग ऑनलाइन गेमिंग और निवेश के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर धन एकत्र करने में किया जा रहा था। पूछताछ के बाद पुलिस ने सुमित कुमार की निशानदेही पर उसके दो साथियों अरबाज खान 30 वर्ष पुत्र स्वः ज़ाहिर ख़ान निवासी कैम्पबेल रोड थाना ठाकुरगंज और छोटू मौर्य पुत्र स्वः महेश प्रसाद निवासी बहरू थाना काकोरी को नवीनगर ढेढ़ेमऊ शारदा नहर किनारे से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ऑनलाइन गेमिंग और निवेश से जुड़े लिंक साझा कर लोगों को कम समय में अधिक लाभ का लालच देते थे। निवेश करने पर रकम को विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था, जिससे लेन-देन की कड़ी टूट जाए। इसके बाद धनराशि को डिजिटल करेंसी (यू,एस,डी,टी) में परिवर्तित कर छुपा दिया जाता था। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए (वी,पी,एन) और फर्जी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि 14 और 15 मार्च को गिरोह ने संगठित तरीके से लगभग 34 लाख रुपये की ठगी की। संबंधित बैंक खाते के खिलाफ अन्य राज्यों से भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिससे गिरोह के व्यापक नेटवर्क का संकेत मिलता है। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना अल्फा, विनय कुमार गौतम उर्फ़ समर समेत अन्य सदस्य फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, 18 सौ रुपये नकद और एक स्कूटी यूपी 32 पीजे 6754 बरामद की है। मलिहाबाद पुलिस नें साइबर ठगों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए संगीन धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संयुक्त कार्रवाई में डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस टीम और मलिहाबाद के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय यादव, उपनिरीक्षक राहुल तिवारी, उपनिरीक्षक अश्वनी सिंह, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल धनंजय कुमार व कांस्टेबल उत्तम राठी की विशेष भूमिका रही।

## पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ऑनलाइन गेमिंग या निवेश प्लेटफॉर्म के झांसे में न आएं तथा बैंकिंग और ओटीपी संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें।

# क्यूएस रैंकिंग में आईवीआरआई ने रचा इतिहास दुनिया के टॉप-100 में मिली जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बरेली । भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने वैश्विक स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (विषयवार S वेटरिनरी साइंस) में दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान बनाया है। इस उपलब्धि के साथ आईवीआरआई वेटरिनरी साइंस विषय में इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में शामिल होने वाला भारत का पहला संस्थान बन गया है।QS World University Rankings के अनुसार आईवीआरआई को 51S100 के रैंक बैंड में रखा गया है। यह स्थान संस्थान की पशु चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता और बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाता है।संस्थान के निदेशक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक डॉ. राघवेन्द्र भट्टा ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि आईसीएआर के अंतर्गत स्थापित आईवीआरआई देश का अग्रणी पशु चिकित्सा अनुसंधान एवं शिक्षा संस्थान है, जिसने वर्षों से पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, टीका विकास और पशुधन उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उपलब्धि वैज्ञानिकों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के सतत प्रयासों का परिणाम है।वहीं, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने भी खुशी जताते हुए कहा कि परिषद देश में कृषि शिक्षा और अनुसंधान को विश्वस्तरीय बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आईवीआरआई की यह सफलता उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।क्यूएस रैंकिंग में संस्थानों का मूल्यांकन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, शोध उद्धरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे मानकों पर किया जाता है। इन सभी पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए आईवीआरआई ने यह मुकाम हासिल किया है।विशेषज्ञों का मानना है कि इस वैश्विक मान्यता से न केवल संस्थान की अंतरराष्ट्रीय साख मजबूत होगी, बल्कि भारत में पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा मिलेगी। साथ ही यह उपलब्धि पशुधन विकास, खाद्य सुरक्षा और सतत कृषि प्रणाली को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 56265311 | Design, development, manufacturing, supply, installation, testing and commissioning of Coil Spring Scragging & Loading Testing machine for testing of Coil Springs for LHB & IRY and Vande Bharat Coaches on turnkey basis | 01 Nos | 24.04.2026 |

निविदा शर्तें :- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा नोटिस सं0. ईपीएस / 56 / 2025 1036/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अवधी भाषा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बनाने पर काम चल रहा है: पवन सिंह चौहान

❐ राष्ट्रीय अवधी संगोष्ठी कार्यक्रम मे विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने की शिरकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश, भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक एवं एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पाँच दिवसीय अवधी राष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन राजदेवी सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने कहा कि अवधी भाषा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बनाने पर काम चल रहा है। हमारे सभी त्योहारों के अवधी व्यंजन मौसम के अनुसार शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का काम करते थे। उन्होंने सरकार की तरफ से आश्वासन दिया कि अवधी के लिए जो जरूरत होगी, वह सबकुछ सरकार द्वारा किया जाएगा।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ सत्येन्द्र अवस्थी समन्वयक भारतीय भाषा संस्थान मैसूर, कर्नाटक ने कहा कि अवधी भाषा प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन विषय पर व्यख्यान देते हुए कहा कि अवधी को गूगल की भाषा बनाने के लिए गद्य साहित्य की आवश्यकता है। इसीलिए अवधी के गद्य साहित्य सृजन पर जोर देते हुए कहा कि अनुवाद क्षेत्र में अधिक काम किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्र ने कहा कि अवधी बोली भाषा सबसे पुरानी भाषा है, यह वैदिक काल में विद्यमान रही है। सभी से आग्रह किया कि अवधी में लिखना आरम्भ करें।विशिष्ट अतिथि केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के मुख्य कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ला (समन्वयक अवधी शोधपीठ) ने कहा कि अवधी भाषा, भाव, भोजन, भनिति सभी का संरक्षण करना चाहिए।

अवधी के 12 विशिष्ट विद्वानों की अवधी-बोली की रिकॉर्डिंग की गई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदीप सारंग, कुसुम वर्मा, संजोली पाण्डेय, काजल सिंह, रजनी वर्मा, ज्योति किरण रतन, डॉ अर्जुन पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, संदीप अनुरागी, हिमांशु श्रीवास्तव, देवेंद्र कश्यप निडर, कृष्णा प्रजापति सहित तीन दर्जन विद्वान उपस्थित रहे।

## टोल-फ्री नंबर 14447 पर दें फसल के नुकसान की जानकारी

लखनऊ। किसान टोल-फ्री नंबर 14447 पर फसल नुकसान की तत्काल सूचना दे सकते हैं। प्रदेश में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल क्षति की सूचना देने तथा योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए किसानों को विभिन्न डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। अब किसान फसल नुकसान की तत्काल सूचना देने या जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर 14447 का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 'क्राप-इन्श्योरेन्स ऐप' (Crop-Insurance-App) और व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 के माध्यम से भी सूचना साझा की जा सकती है। कृषक योजनाओं से संबंधित आधिकारिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल https://pmfby.gov.in पर भी लॉग-इन कर सकते हैं।इन सभी डिजिटल माध्यमों के अतिरिक्त यदि किसानों को फसल बीमा से संबंधित किसी भी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे त्वरित समाधान के लिए अपने जनपद के उप कृषि निदेशक या जिला कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# तेल की अफवाह से मची अफरा-तफरी पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें



कैनविज टाइम्स संवाददाता।ढ

लखनऊ । चिनहट क्षेत्र में आज सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखने को मिली। तेल खत्म होने की अफवाह के चलते लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल भरवाने के लिए पहुंच रहे हैं।चिनहट के चंदन हॉस्पिटल और कठौता चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंपों पर कई मीटर लंबी कतारें लग गईं। लोग घंटों से अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। स्थिति ऐसी रही कि आसपास के इलाकों में ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ।हालांकि, सरकार लगातार लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट का माहौल बन गया है।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर भरोसा न करें और आवश्यकतानुसार ही ईंधन भरवाएं।

# रामनवमी के अवसर पर कन्यापूजन शोभा यात्रा व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । रामनवमी महापर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ लगी रही नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों में कन्या पूजन के साथ रामनवमी के अवसर पर सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा भक्तों ने मां भगवती व रामलला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया वही मऊ दुर्गा मंदिर से प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई।

शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली गई म शुक्रवार को मोहनलालगंज काले वीर बाबा प्रांगण में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर पर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें महिला मंडली द्वारा संगीत मय भजन कीर्तन ० सुंदर कांड पाठ हवन पूजन के साथ कन्या पूजन कर भंडारे का विशाल आयोजन किया गया भक्तों ने पहुंच कर प्रभु राम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया श्री राम के जयकारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा इस अवसर पर मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी पवन पटेल पूर्व विधायक अंबरीश सिंह पुष्कर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, एसीपी विकास पांडे,इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने मंदिर पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर प्रभु श्री राम के जयकारे लगाये जयकारो से पूरा वातावरण राम मय हो गया सीताराम ठाकुरद्वारा समिति के प्रबंधक ० आयोजक राजकुमार अवस्थी ० समिति के महामंत्री राजेश सिंह भंडारी,ने आए हुए सभी राम भक्तों का अंग वस्त्र भेट कर उनका स्वागत किया । समिति के प्रबंधक राजकुमार अवस्थी व समिति के महामंत्री एवं पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी ने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है इस बार 26 वें विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जा रहा है जो प्रभु की इच्छा तक चलता रहा इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिमेष पांडे , कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव ,धुन्नू मिश्रा , हरेंद्र सिंह ,राजू शुक्ला , मानसिंह ,रामू सिंह , पुजारी गुड्डू द्विवेदी रागिनी वर्मा,मौजूद रहे वहीं , अरुणेश प्रताप सिंह दल्लू अजय पांडे,अधिवक्ता शिव अटल सिंह, पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह अमरेंद्र प्रताप सिंह, करणी सेना के अमर सिंह,धीरेंद्र सिंह दिवाकर सिंह , शिव बालक गौतम मंडल अध्यक्ष के के सिंह सहित काफी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# गैस की किल्लत, घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर लोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट के सतरिख रोड स्थित भारत गैस एजेंसी पर गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को सुबह से ही लंबी कतारों में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।एजेंसी के बाहर बुजुर्गों और पुरुषों की भीड़ लगी हुई है। कोई अपने परिवार के साथ पहुंचा है तो कोई अकेले ही घंटों से लाइन में लगा है। लोगों का कहना है कि वे सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गैस मिलने में देरी हो रही है।स्थानीय लोगों ने नाराज़गी जताते हुए बताया कि उन्हें अपना काम-धंधा छोड़कर यहां आना पड़ रहा है, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। कई लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।फिलहाल, गैस की कमी के चलते लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

## मिशन शक्ति के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कन्या पूजन



**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत कुम्हरावा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे व खंड शिक्षा अधिकारी प्रीती शुक्ला द्वारा 81 बालिकाओं के पैर धोकर विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान सभी बालिकाओं को टीका, आलता, चुनरी पहनाई गई तथा पुष्प वर्षा कर नवमी भोग अर्पित किया गया।कन्या पूजन के उपरांत सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रीती शुक्ला ने कहा कि भारतीय परंपरा में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है। नवमी के दिन देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर समाज में नारी सम्मान का संदेश दिया जाता है। उन्होंने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं भी दीं।कार्यक्रम में दीपक मिश्रा, अनुराग सिंह राठौड़, ममता यादव, विशाखा सहगल, तहजीब फातिमा, विनीत सहित विद्यालय स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामभक्तों की मनमोहक दृश्य व झांकी के साथ जय श्रीराम व एक ही नारा, एक ही नाम के उदघोषों की गूंज मचाते हुए शहर के मुख्य मार्ग से रामनवमी के अवसर पर भगवा यात्रा निकाली गईं। यात्रा मार्ग पर श्री राम झंडों व भगवा रंग से पटा रहा, बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त भगवा साफा पहनकर, हाथों में ध्वजा लेकर भगवा यात्रा में सम्मिलित हुए। भगवा यात्रा श्री हनुमान मंदिर कपूरथला चौराहा से प्रारंभ होकर कपूरथला चौराहा अलीगंज, निराला नगर 8 नंबर चौराहा, डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग डालीगंज बाजार, हसन गंज थाना, गौतम बुद्ध पार्क, इमामबाड़ा, कोनेश्वर चौराहा, चौक चरक चौराहा, नक्खास बाजार, यहियागंज, अमीनाबाद थाना, कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर पर सम्पन्न हुईं। श्री भगवा यात्रा आयोजन समिति द्वारा कपूरथला चौराहा के प्रारंभ पर मंच बनाया गया था, मंच पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य ई0 अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, अंगद सिंह, माधवेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता, महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, भीम अग्रवाल, अखण्ड आर्यावर्त समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष बाजपेई, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## भाजपा नेता ने ईक्यावन सौ कन्याओं के चरण पाखरे, आरती उतारी भोजन कराया



**बंथरा,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी के पावन पर्व पर बनी स्थित रेतेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा नेता शंकरी सिंह ने अनुज राम शंकर सिंह मतोले के साथ 5100 कन्याओं का पूजन एवं भोज आयोजित किया।इस अवसर पर कन्याओं को बर्तन, भोजन, दक्षिणा, चुनरी भेंट कर की गई। इसके बाद शंकरी सिंह ने पूजा-पाठ कर कन्याओं के चरण पखारे, उनकी आरती उतारी और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने कन्याओं को चुनरी, थाली, दक्षिणा के साथ भोज में शाही पनीर, छोला, चावल, स्वादिष्ट खीर और हलुवा परोसा।उन्होंने कहा, ल्लप्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चैत्र रामनवमी पर कन्या पूजन एवं भोजन कराना मेरे लिए बहुत पुण्य का कार्य है। कन्या में माता रानी का स्वरूप होता है, इसलिए उनका पूजन एवं सम्मान करना हमारा सनातन धर्म है। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर यह सेवा हमें अत्यंत प्रसन्नता प्रदान करती है।कार्यक्रम में सह राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय मिश्रा जी भाई साहब, प्रोफ़ेसर सुशील पांडेय, विधायक कार्यालय प्रभारी पूर्व पार्षद रमाशंकर त्रिपाठी, पार्षद के0 एन0 सिंह, प्रधान बनी रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, विनय दीक्षित, पार्षद मनोज रावत, पूर्व प्रधान सराय सहजादी राजेश सिंह, विकास सिंह, शिव नारायण सिंह, पूर्व प्रधान खुर्रमपुर संतोष सिंह, अंचल कुमार, अखिल भारतीय पाल महा सभा ज़िलाध्यक्ष सज्जन पाल, अभिषेक सिंह, अशोक सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों की भारी भीड़ उमड़ी।

## सेंट जोसेफ के अथर्व ने जीता द्वितीय पुरस्कार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडिविजुअल कैटेगरी में सेंट जोसेफ के अथर्व के मॉडल एबिलिटी एआई फॉर डिसेबल को द्वितीय स्थान मिला। आशा की एक किरण सेंट जोसेफ ब्रिलियंस' विशेष रूप से सक्षम लोगों के लिए रचनात्मक भविष्य की ओर एक पहलटीम यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए, सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सीतापुर रोड शाखा के छात्र अथर्व ने 26 और 27 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में आयोजित उत्तरी भारत विज्ञान मेला विज्ञान पर्व' में 12 विद्यालयों के बीच व्यक्तिगत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अथर्व को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी, प्रमाण पत्र तथा 8000 की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# आशु चौधरी बनाये गए महासचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय किसान यूनियन भानू के मंडल कार्यालय बड़ेल बाराबंकी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया , इसके पश्चात भारतीय किसान यूनियन भानू के पूर्व किसान नेता रहे कुँ उद्देन्दु प्रताप उर्फ आशू चौधरी जिन्होंने तन , मन , धन से संगठन को बड़ी लगन के साथ सक्रिय एवं मजबूत किया था , परंतु व्यतिगत कारण वश थोड़े दिन अलग रहने के पश्चात आज पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मंडल पदाधिकारियों के समक्ष सर्व समित से कुँ उद्देन्दु प्रताप उर्फ आशू चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई , इसके पश्चात चौधरी द्वारा मीडिया एवं संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मुख संगठन के किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन एवं प्रशासन के साथ साथ जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों से भी मजबूती के साथ जवाब लिया जाएगा , अब किसी प्रकार की हिला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी , और बहुत जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा , इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष अयोध्या रवि वर्मा , मंडल अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ अनुराग शुक्ला , युवा मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, मंडल महासचिव पवन शर्मा जी , मंडल कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा , जिलाध्यक्ष देशराज वर्मा,जिला प्रभारी बंशीलाल वर्मा , तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह, शरद सिंह , छात्र संघ जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह , महिला जिलाध्यक्ष रेशमा बानो, बबलू वर्मा , अर्जुन विश्वकर्मा , शुभम गुप्ता , कादिर , उस्मान, हंसराज वर्मा , रिक्की , गुफरान , अशरफ , रवि यादव , दीपक वर्मा , और सैकड़ों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे

# पिछले नौ सालों में मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास में पूरी तरह से पिछड़ा:रोमेश कुमार गौतम

❐ प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल व्याप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के नेता एवं मलिहाबाद विधानसभा मे रोमेश कुमार गौतम ने जनता के बीच भ्रमण करते हुए प्रदेश की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार रागद्वेष से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर रही हैं। जो सर्वदा निंदनीय है।कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा की योगी सरकार से प्रदेश की आम जनता त्रस्त हो चुकी है।

आज महिलाओं की आबरू इज्जत सुरक्षित नहीं है।,प्रदेश में हर रोज हत्याओं का सिलसिला जारी है।लूट जैसे जघन्य अपराधों को नियंत्रित करने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कानून व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ समाजवादी पार्टी निरंतर संघर्ष कर रही है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसका एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब चाहे तब मिल सकता है।उन्होंने कहा कि विकास विरोधी भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश पिछड़ गया है।उत्तर प्रदेश अराजकता का प्रदेश बन गया है।भयमुक्त सरकार का नारा देने वाली सरकार प्रदेश के सभी मूलभूत मुद्दों पर अबतक विफल साबित हुयी है।सपा कार्यकर्ता संघर्ष शील है।प्रदेश के नौजवान इस विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जनता को जगाने का कार्य कर रहें हैं।उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया हैं।अब समय आ गया है। कि इस सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना है।अब जनता ने यह मन बना लिया है। कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस जुल्मी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी तथा उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।इस बार 300 सीटों से अधिक सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत पीडीए के कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे।पिछले नौ सालों में मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास में कितना पिछड़ गया है। ये किसी से छिपा नहीं है।

# इंदिरा नगर में निकली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य शोभा यात्रा

❐ शोभायात्रा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओ पी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह शामिल हुए।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शुक्रवार को ाी राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में इंदिरा नगर क्षेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

राम नवमी के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ की तरह राजधानी के राम भक्तों ने रामनवमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी को रथ में बैठाकर हाथों से रथ को खींचकर राजधानी में भ्रमण कराया रामनवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति श्री राम जन्मोत्सव समिति, इंदिरा नगर के तत्वाधान में इंदिरा नगर नगर ए ब्लॉक, निकट कन्वेंशन सेंटर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकली श्री राम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष तथा आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, समिति के महामंत्री संजीव गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया

शोभा यात्रा लेखराज मार्केट, अयोध्या रोड, मारुति पुरम ,भूतनाथ मार्केट, शालीमार चौराहा, मीना मार्केट होते हुए अपने उद्गम स्थल पर संपन्न हुई। श्री राम जन्मोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कवीन्द्र मल्होत्रा एवं दीपक श्रीखंडे ने बताया इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन हुआ तथा जगह-जगह पर व्यापारियों, आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं नागरिकों तथा भक्तों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झांकी भी शामिल हुई तथा कई बैंड भी शोभायात्रा में शामिल हुए तथा प्रयागराज के भक्त श्री जितेंद्र बजरंगी हनुमान वेश धारण कर राम धुन पर नृत्य करते पूरे मार्ग में शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र बिंदु बने रहे तथा श्री राम चंद जी शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग, पुरुष शामिल हुए तथा रास्ते भर राम धुन पर तालियां बजाकर झूमते हुए भक्तिमय वातावरण में नृत्य करते रहे।तथा हाथी ,घोड़े ,ऊंट भी शोभा यात्रा में शामिल हुए समिति के पदाधिकारियों ने बताया विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओ पी श्रीवास्तव , सहित कई सभासद एवं भक्त गणों ने भगवान की पूजा अर्चना की तथा आरती उतारी तथा शोभायात्रा में शामिल हुए।

## अब मेडिकल कॉलेजों में भी होंगे पोस्टमार्टम, सरकार ने जारी किए निर्देश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में पोस्टमार्टम व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए सरकार ने राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों को भी पोस्टमार्टम की अनुमति दी है। पोस्टमार्टम प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं मानकीकृत बनाने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।उन्होंने सभी राजकीय चिकित्सालयों, चिकित्सा संस्थानों, राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों तथा निजी मेडिकल कॉलेजों को इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में फॉरेंसिक चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा न्यायिक प्रक्रियाओं में भी पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी।जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रदेश में पोस्टमार्टम कार्य आधुनिक शव-विच्छेदन गृहों में ही संपन्न कराया जाएगा तथा फॉरेंसिक मेडिसिन के पठन-पाठन को सुदृढ़ करने हेतु चिकित्सा शिक्षकों एवं रेजिडेंट चिकित्सकों को शव-विच्छेदन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा।

# नाट्य प्रस्तुति सैंया भय कोतवाल का मंचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राहुल सेवा संस्थान की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति सैंया भय कोतवाल नाटक का प्रभावशाली मंचन दिनांक 27 मार्च 2026 को राय उमनाथ बाली प्रेक्षाग्रह कैसरबाग़ लखनऊ में किया गया। प्रसिद्ध नाटककार मूल मराठी लेखक बसंत सबनीस द्वारा रचित इस नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया।

नाटक सैंया भय कोतवाल समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है जो समाज को गहरी सीख देता है। नाटक ने यह दर्शाया कि भाई-भतीजावाद देश ही नहीं विश्व की एक बड़ी समस्या है जिससे भ्रष्टाचार जन्म लेता है और अयोग्य लोगो को पदों की जिम्मेदारी मिलती है और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के बजाय हम इस दलदल में धंसते चले जाते है। कहानी सूरजपुर के राजा पर आधारित है जो लापरवाह है, वो हमेशा शिकार खेलने में व्यस्त रहता है। इसी का लाभ उसके दरबारी उठाते रहते है। अचानक राज्य के कोतवाल का देहान्त हो जाता है तब राजा का हवलदार व सिपाही आशा करते है कि उनका प्रमोशन होगा और वो क्रमशः कोतवाल और हवलदार बन जायेंगे। पर सालावाद के चक्कर में राजा का प्रधान अपने साले का राज्य का कोतवाल नियुक्त कर देता है जो कि अनपढ़ और जाहिल है। इस पर हवलदार अपनी प्रेमिका मैनाबाई के साथ योजना बनाकर मैनाबाई के जाल में कोतवाल का फंसाता है, कोतवाल मैनाबाई पर मुग्ध हो जाता और मैनाबाई के मांगने पर राजा कि तमाम चीजें लाकर दे देता है और इनके बदले वो शादी करने को प्रस्ताव रखता है। हवलदार के कहने पर मैनाबाई कोतवाल से शर्त रखती है कि मुझे राजा का छपरी पलंग ला दो तो शादी करूंगी। कोतवाल राजा का छपरी पलंग चुराकर मैना को लाकर दे देता है और शादी के लिए कहता है, मैना भी हां कर देती है। इधर राजा छपरी पलंग को लेकर परेशान होता है। तब हवलदार बतलाता है कि आपका छपरी पलंग कोतवाल ने चुराकर मैना को दिया है और वो कल उससे शादी कर रहा है। अगर आप उसे रंगे हाथ पकड़ना चाहते है तो कल पंडित बनकर आइयेगा और शादी के दौरान कोतवाल से पूछियेगा कि उसने इतनी अच्छी बीबी कैसे पायी, तो वो सब बातें बता देगा। राजा ऐसा ही करता है और कोतवाल पकड़ा जाता है। राजा को अपनी लापरवाही का एहसास होता है और हलवदार को कोतवाल बना देता है। नाटक में तमाल बोस, विजय मिश्रा, मो. आरिफ, निशा बेग़म, खुशी वर्मा, राकेश कुमार, आशुतोष, मो. मुस्तकीम सलमानी और मंच सें तारिक इक़्बाल, अविनास श्रीवास्तव, आनन्द प्रकाश शर्मा, अरुण कुमार विश्वकर्मा, मोहित यादव, जारा हायात ने मुख्य भूमिका निभाई। प्रस्तुति के अंत में दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज में छात्रों का फर्जी एडमिशन व प्रबंधक पद पर फर्जी नियुक्ति के मामले में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

❐ कोर्ट के आदेश पर हुआ था मुकदमा दर्ज, पुलिस मुख्य आरोपी को पूर्व में भेज चुकी है जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज संचालित कर छात्रों का फर्जी एडमिशन और प्रबंधक पद पर फर्जी नियुक्ति के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीती 13 दिसम्बर 2024 को थाना पुवायां क्षेत्र के कस्बा निवासी कमलदीप शुक्ला ने न्यायालय के आदेश पर लखनऊ के बीके सिंह उर्फ बालकिशोर, संतोष पाठक, श्याम शेरवानी, रामहरि यादव और जनपद मऊ के धनंजय कुमार पर धोखाधड़ी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। कमलदीप शुक्ला का आरेप था कि उक्त लोग फर्जी रूप से वीके सिंह पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज चला रहे हैं। यहां छात्र-छात्राओं के फर्जी एडमिशन कर उन्हें फर्जी अंकतालिकाएं दी गईं। यही नहीं, उक्त लोगों ने इस फर्जी कालेज में मैनेजर पद पर नियुक्ति कराने के नाम पर ठगी की। इस प्रकरण में पुवायां पुलिस बीती 13 सितम्बर 2025 को मुख्य अभियुक्त बीके सिंह उर्फ बालकिशोर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में अन्य अभियुक्त वांछित चल रहे थे। इसी क्रम में आज थाना पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीपीएस स्कूल पुवायां से अभियुक्त सन्तोष पाठक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त संतोष पाठक को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश सिंह के साथ कांस्टेवल पूरनपाल मौजूद रहे।

# हवन तथा विशाल भंडारे के साथ नवदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

❐ मानव सेवा सबसे बड़ा धर्मः सुरेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर। 200 वर्ष प्राचीन नगर क्षेत्र के मोहल्ला भूलनपुर में स्थित मां गौरी देवी मंदिर में 19 मार्च से प्रतिदिन दो पालियों में प्रारंभ की गई श्रीमद् भागवत कथा आज 9 वें दिन हवन तथा विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गई भंडारे में जनपद के दूर दराज इलाकों तथा ग्रामीण अंचलों से हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मां गौरी देवी तथा अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की तथा हवन में भाग लेकर भंडारे का प्रसाद खाया इस अवसर पर भंडारे मे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त कामेश शुक्ला ईओ प्रेम शंकर गुप्त सहित श्रद्धालुओ भंडारे में कार सेवा करके भक्त जनों को प्रसाद वितरित करने का कार्य किया कथा के अंतिम दिन नैमिषारण्य के कथा व्यास सुरेश कुमार अवस्थी ने कहा कि आज पूरे विश्व में अशांति का वातावरण छाया हुआ है तथा इसका मूल कारण एक दूसरे को ताकत दिखाकर नीचा दिखाना है जो कि मानवता के विरुद्ध है उन्होंने कहा कि हम सभी परमात्मा का अंश है क्योंकि सभी जीवो में आत्मा के रूप में समाया हुआ है वास्तव में मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा हम सभी एक ही परमात्मा का अंश है अतः हमें आपस में एक दूसरे के साथ प्रेम का व्यवहार करना चाहिए तथा संसार में ऐसी कौन सी चीज है जो की प्रेम के द्वारा प्राप्त नहीं की जा सकती है ताकत का इस्तेमाल तो दूसरों को नीचा दिखाने के लिए किया जाता है मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्र बताया कि दुर्गा अष्टमी के दिन माता गौरी की महा आरती का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर दीपों के साथ मां गौरी की महा आरती में भाग लिया उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी तरीके की तकलीफ ना हो इसके लिए इस बार विशेष तैयारी पहले से ही की गई थी तथा आगामी वर्षों में मंदिर में दिव्य व्यवस्थाएं होंगी ऐसा प्रयास किया जा रहा है इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला अभिषेक गुप्त कामेश शुक्ला विपुल प्रताप सिंह अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त सफाई निरीक्षक मनोज कुमार राणा सभासद आलोक बाजपेई राकेश चंद्रगुप्त संदीप मिश्रा कुलदीप मिश्रा वीरेंद्र मिश्र रविंद्र कुमार मिश्र आदित्य जयसवाल विनय अवस्थी अनिरुद्ध श्रीवास्तव थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह कस्बा इंचार्ज रजनीश कुमार सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

# निघासन क्षेत्र में तेंदुए के हमले से मासूम की मौत, मामला लोकसभा तक पहुंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के निघासन विधानसभा क्षेत्र से एक अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है। सिंगाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की सात वर्षीय मासूम पुत्री की तेंदुए के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।बताया जा रहा है कि बच्ची अपने घर के पास मौजूद थी, तभी अचानक तेंदुए ने हमला कर उसे उठा लिया। परिजनों और ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए बच्ची की तलाश शुरू की, लेकिन कुछ समय बाद उसका शव बरामद हुआ। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और लोगों में वन विभाग व प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।*स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनप्रिय नेता चौधरी हिमांशु पटेल ने घटना की जानकारी उच्च स्तर तक पहुंचाई* और पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई और क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की।इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्र के *माननीय सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोकसभा में इस मुद्दे को मजबूती से उठाया।* उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि तराई क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे वन्यजीव हमलों से आमजन में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा देने, तेंदुए जैसे खतरनाक वन्यजीवों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं स्थायी उपाय करने की मांग की।सांसद ने यह भी कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन असुरक्षित हो गया है। उन्होंने वन विभाग से सक्रियता बढ़ाने, गश्त तेज करने और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तंत्र को मजबूत करने की अपील की।घटना के बाद प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं, स्थानीय लोग लगातार गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।यह घटना एक बार फिर मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव की गंभीर समस्या को उजागर करती है, जिस पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

## खीरी के नकहा ब्लॉक में मां भगवती विसर्जन पर निकली भव्य शोभा यात्रा



लखीमपुर खीरी। जनपद के नकहा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नकहा में मां भगवती के विसर्जन के अवसर पर एक भव्य और विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला।शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। मां भगवती की सजी-धजी प्रतिमा को आकर्षक झांकियों के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।अंत में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# गोमिदापुर में सम्राट अशोक जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। रामगढ़ चीनी मिल के ग्राम गोमिदापुर में विश्वविजेता अखंड भारत के निर्माता प्रजा प्रतिपालक चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की पावन जयंती के अवसर पर क्षेत्र में स्थित ''बुद्ध बिहार सम्राट अशोक स्तंभ स्मारक गोमिदापुर में एक ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यह विशाल शोभायात्रा

गोमिदापुर से प्रारंभ होकर सरैंया, पहला चौराहा, रामगढ़ मेन गेट से होते हुए गंगापुर, गनेशपुर एवं कैलाश आश्रम मार्ग से होते हुए कोदिकापुर में अनुज मौर्य जी के द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर यात्रा सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में मौर्य समाज के लोग एवं क्षेत्रवासियों का जोश, उत्साह देखने को मिला जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्ति और गौरव से ओत-प्रोत हो उठा।इस शोभायात्रा में सम्राट अशोक के जीवन, उनके धम्म नीति तथा भगवान बुद्ध के उपदेशों पर आधारित गीतों पर झूमते हुए लोग बाइक और कार से पूरी शोभा यात्रा को और भव्य बना रहे थे। इस शोभा यात्रा ने अहिंसा, करुणा, दया और सत्य के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जो उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों– सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक शोभायात्रा का रूप दे दिया।सम्राट अशोक महान, जिन्होंने कलिंग युद्ध के पश्चात हिंसा का मार्ग त्यागकर धम्म, शांति और मानव कल्याण का मार्ग अपनाया, आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक अमिट प्रेरणा हैं। उनके आदर्श वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके शासनकाल में थे। इस अवसर पर आयोजक अंकित मौर्य राममिलन मौर्य, सुदर्शन लाल भारती, वी पी हंस,श्यामा कुमार मौर्य,लोकनाथ मौर्य,विष्णु मौर्य एडवोकेट दिनेश मौर्य, निर्दोष शास्त्री,संतोष मौर्य, डॉ रवि मौर्य, अनुज मौर्य, नंदकिशोर यादव,संजय यादव,अनूप यादव, डॉध रामसेवक मौर्य, बनवारी लाल मौर्य अशोक मौर्य, अरविंद मौर्य,महेंद्र मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य,अखिल मौर्य,राजेश मौर्य, विजय मौर्य,गोविंद प्रसाद मौर्य,पवन मौर्य,सूरज मौर्य, संग्राम सिंह मौर्य,इंद्रपाल मौर्य आदि सैकड़ों लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

## शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध, पुलिस ने भेजा जेल

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर नई बस्ती शहबाजनगर के रहने वाले सुजान पुत्र श्रीराम पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी आदि की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी सुजान से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और जब उसने शादी करने के लिए कहा, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी क्रम में आज सइर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुजान पुत्र श्रीराम शहबाजनगर अण्डर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त सुजान के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए एसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बजार के उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह के साथ कांस्टेवल आशीष कुमार मौजूद रहे।

# चोरी की मोटर साइकिल समेत 02 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना खुलासा करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

बीती 26 मार्च को थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान के रहने वाले सोवरन पुत्र मुंशीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आज पुवायां पुलिस टीम नाहिल रोड की गुदनी मोड़ पर वाहन चैंकिग कर रही थी। इसी दौरान पुवायां की ओर से दो लोग मोटरसाइकिल पर बिना हेलमेट के आते हुए दिखाई दिए। उनकी मोटरसाइकिल पर आगे की नम्बर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस ने उक्त मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया, तो वो लोग पीछे मुड़कर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को मोटर साइकिल समेत पकड़ लिया। पूछताछ पर एक ने अपना नाम राज कश्यप पुत्र इन्द्रपाल निवासी मोहल्ला कुरगंजा थाना पुवायां और दूसरे ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र कमलेश कश्यप निवासी मोहल्ला छावनी थाना पुवायां बताया। मोटर साइकिल के कागज मांगने पर दोनों ने बताया कि उन लोगों ने यह मोटर साइकिल देवस्थान मन्दिर से चोरी की थी। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक संजीव कुमार के साथ हेड कांस्टेवल धीरेन्द्र प्रताप सिंह और कांस्टेवल तरुण कुमार मौजूद रहे।

## कूटरचित दस्तावेजों से एक पासपोर्ट बनवाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया । जनपद की पुलिस ने कूटरचित तरीके से दो अलग-अलग पासपोर्ट बनवाने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव नेबताया कि थाना रुद्रपुर पर दर्ज पासपोर्ट अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव, निवासी महराजगंज पोस्ट तारासारा को एक सूचना पर पूर्वी बाइपास रुद्रपुर के पास से गिरफ्तार किया है।अभियुक्त ने वर्ष 2013 और 2020 में अपने माता-पिता के नाम, जन्मतिथि और पते में कूटरचना कर दो अलग-अलग पासपोर्ट बनवाए थे। इस मामले में थाना रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल गोरखनाथ गौड़ और कांस्टेबल संजय कुमार, थाना रहे ।

# खैराबाद की राधाकृष्ण इण्डेन गैस सर्विस सीज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । जनपद में गैस एजेंसियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 26 मार्च 2026 को पूर्ति निरीक्षक, तहसील सीतापुर, नायब तहसीलदार सीतापुर, सेल्स ऑफिसर (एलपीजी सेल्स) सीतापुर एवं जिला पूर्ति अधिकारी की संयुक्त टीम ने खैराबाद स्थित राधाकृष्ण इण्डेन गैस सर्विस की जांच की।जांच के दौरान एजेंसी में कई अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित गैस एजेंसी को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। साथ ही, सक्षम न्यायालय/अधिकारी के निर्णय तक एजेंसी से गैस की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।अधिकारियों ने बताया कि जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर एजेंसी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है और आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।इस दौरान डीएसओ अखिलेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी, सप्लाई इंस्पेक्टर नितेश कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा, मोनू बालियान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अन्य गैस एजेंसियों में भी सतर्कता बढ़ गई है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाईः दो वांछित आरोपी गिरफ्तार




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के थाना मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, थाना मछरेहटा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 74/2026, धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों मेंरामगोपाल पुत्र स्व. सोहन लाल (उम्र लगभग 54 वर्ष)अतुल उर्फ दीपक पुत्र रामगोपाल (उम्र लगभग 24 वर्ष)निवासी ग्राम बहोरनपुर, थाना मछरेहटा, जनपद सीतापुर शामिल हैं।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई में थाना मछरेहटा के प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार गुप्ता सहित पुलिस टीम के अन्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।पुलिस का संदेशःजनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पूरे ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारम्भ



**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** में अत्यंत पावन एवं भक्तिमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन दिनांक 28 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है।इस भव्य धार्मिक आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री शिवेश शास्त्री जी महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ 27 मार्च 2026 (मंगल कलश यात्रा) से होगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न दिव्य प्रसंगों जैसे जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र आदि का मनमोहक वर्णन किया जाएगा।कार्यक्रम का समापन 05 अप्रैल 2026 (रविवार) को महाभंडारा एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।इस आयोजन के मुख्य यजमान श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी हैं। समस्त तिवारी परिवार एवं ग्रामवासी इस धार्मिक अनुष्ठान में सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करते हैं।?? सभी श्रद्धालु समय पर पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## मैगलगंज में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली



**मैगलगंज, खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली थाने से लालपुर होते हुए सिंह ढाबा तक पहुंची।प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही 1090, 181, 112 समेत अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के प्रति भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अपराध अखिलेश गंगवार, चौकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी, एसआई कालीचरण यादव, एसआई राणा प्रताप सिंह, एसआई अवधेश कुमार, हेड कांस्टेबल रामनयन सिंह तथा महिला आरक्षी सोनी माधुर, मोनिका और विवेस कुमारी मौजूद रहीं।

## पौनिया लेकर रूपया लेने पहुंचा युवक, परिजनों ने पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददात।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में पौनिया लेकर रूपया लेने पहुंचे एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदराखेल निवासी नीलमणि चैधरी के थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला खलीलगर्वी निवासी राजाराम पर किसी बात के पांच हजार रूपये उधार थे। बीती शाम नीलमणि चैधरी अपने रूपए वापस लेने राजाराम के घर जा पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारापीटी पर उतारू हो गया। यही नहीं, राजाराम ने जब गाली-गलौज और मारपीट का विरोध किया, तो नीलमणि ने पौनिया तान कर उसे जान से मारने की धमकी दी। मौके पर परिजनों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नीलमणि के कब्जे पौनिया और 02 कारतूस बरामद किए। इस दौरान पुलिस की आरोपी से नोकझोंक भी हुई। फिलहाल, पुलिस ने राजाराम की तहरीर पर आरोपी नीलमणि के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

# भोजपुरी फिल्म वीरगती में सिंगाही के कुलदीप चौरसिया का अभिनय, ट्रेलर हुआ जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ दिव्या फिल्म क्रिएशन के बैनर तले बनी इस फिल्म को होड़ा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा ह

लखीमपुर खीरी। चैती नवरात्रि पर भोजपुरी फिल्म वीरगती का फर्स्ट लुक जारी होने के बाद 27 मार्च 2026 को शाम 5 बजे इसका ऑफिशियल ट्रेलर होड़ा भोजपुरी पर रिलीज कर दिया गया।

ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है।फिल्म में राहुल सिंह और रेशमा शेख की जोड़ी एक्शन, रोमांस और मनोरंजन से भरपूर नजर आ रही है। दिव्या फिल्म क्रिएशन के बैनर तले बनी इस फिल्म को होड़ा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। मेकर्स का दावा है कि दमदार कहानी और जबरदस्त एक्शन के साथ यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी।लखीमपुर खीरी जिले के सिंगाही थाना क्षेत्र के फरदहिया निवासी कुलदीप चौरसिया ने भी इस फिल्म में अभिनय कर अपनी अलग पहचान बनाई है। इससे पहले वे भोजपुरी फिल्म सजनी चुरा लिहाली दिलवा हमार में नजर आ चुके हैं, जो यूपी-बिहार के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब उनकी नई फिल्म ल्वीरगतीङ्क जल्द ही रिलीज होने वाली है।फिल्म में राहुल सिंह, रेशमा शेख, बालेश्वर सिंह, राजेश गुप्ता, दीपा कदम, पिंटू सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, कुलदीप चौरसिया, अरविंद यादव, करण प्रताप यादव सहित कई कलाकार नजर आएंगे। लोकप्रिय गायक मोहन राठौर और अल्का झा के स्वर में गीत फिल्म की खासियत बताए जा रहे हैं। ट्रेलर रिलीज के बाद अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।

# चैत्र नवरात्र के अन्तिम दिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में हवन, कलश पूजन एवं कन्या पूजन संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी । वासंतिक चैत्र नवरात्र के अन्तिम दिन शुक्रवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में देवी स्वरूप स्थापित कलश का विधिवत पूजन किया गया। शास्त्रोक्त विधि-विधान के अनुसार मंदिर के शास्त्रियों ने मंदिर चौक में हवन कुंड का निर्माण कर विधिवत हवन पूजन कराया।

इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान धाम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी हवन में भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। पूरे अनुष्ठान के समय ल्जय माता दीङ्क के उद्घोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय एवं दिव्य बना रहा। मंदिर न्यास ने सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए इस पावन आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया।हवन पूजन के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अफसरों ने कन्या पूजन किया। मंदिर न्यास ने इसके पहले कन्याओं का आदरपूर्वक स्वागत किया। उन्हें चुनरी ओढ़ाकर दक्षिणा प्रदान किया गया। उनके चरण को धोकर विधिवत स्थान ग्रहण कराया गया। इसके पश्चात कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान संपूर्ण धाम में भक्तिभाव का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने इस पावन अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।–मंदिर में रामनवमी का उत्साहश्री काशी विश्वनाथ धाम में रामनवमी का उत्साह श्रद्धालुओं में भी दिखा। धाम में शिवार्चनम मंच पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या से श्री राम लला का सूर्य तिलक का सीधा प्रसारण किया गया। इस प्रसारण को देखने के लिए धाम में उपस्थित श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह देखा गया।सीधे प्रसारण के दौरान श्रद्धालुओं ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में ही रहकर प्रभु श्री राम लला के अद्भुत दर्शन प्राप्त किए। पूरा परिसर भक्तिभाव और उल्लास से परिपूर्ण रहा।

# कौमी एकता का मिसाल बना उद्योग व्यापार

❐ खास बात यह रही कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सर्वधर्म ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता कर कौमी एकता की मिसाल कायम की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। रामनवमी शोभा यात्रा का हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सर्व धर्मों ने पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत कर किया परसादी वितरण आपको बता दें कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वधान में स्थानीय दिनेश चौक पर रामनवमी भव्य शोभा यात्रा का संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करते हुए प्रसादी वितरण किया।

इसमें खास बात यह रही कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सर्वधर्म ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता कर कौमी एकता की मिसाल कायम की,सर्वप्रथम श्रीरघुनाथ मंदिर द्वारा गत वर्षों के भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसके चलते उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा स्थानीय दिनेश चौक पर स्टॉल लगाकर कोल्डड्रिंक, बिस्कुट,फल एवं पानी का वितरण किया गया साथ ही सर्वधर्मों ने मिलकर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया स्वागत स्टॉल पर पदाधिकारियों ने नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज प्रांत दुर्विजय सिंह शाक्य ,जिला मंत्री विश्वजीत गुप्ता , वरिष्ठ व्यापारी प्रदीप कुमार गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोगों का अंगवस्त्र एवं बैच लगाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने बताया कि ''कौम पार्टी कोई भी हो पहले हम व्यापारी हैं '' कहावत को चरितार्थ करते हुए हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई धर्म के व्यापारियों ने जोशो ख़रोश के साथ संगठित होकर अपनी पूर्ण रूप से सहभागिता प्रदान करते हुए श्री रामनवमी शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत करते हुए प्रसादी वितरण किया इससे समाज में सर्वधर्म का सम्मान करते हुए एकजुटता शांति सौहार्द का एक अच्छा संदेश देने का कार्य बदायूं के व्यापारियों ने किया इसके लिए संगठन की ओर से सभी व्यापारियों को साधुवाद ज्ञापित करते हैं। जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने बताया कि व्यापारी समाज हमेशा से सर्वधर्म का सम्मान करता आया है इसी परिपेक्ष्य में श्री राम नवमी शोभा यात्रा के स्वागत के लिए सभी धर्मों के व्यापारियों ने एक मंच पर आकर एकजूटता का परिचय देते हुए व्यापारी समाज की एकता को बरकरार रख कर मील का पत्थर साबित किया। इस अवसर पर विपिन अग्रवाल, पवन जैन,सर्वेश गुप्ता, मुनेंद्र कुमार सिंह,अबधेश लड्डा,विनय चतुर्वेदी,सुजीत गुप्ता, नवनीत गुप्ता शोंटू ,हाजी राशिद सैफी,आयुष मैसी,संजीव आहूजा, नरेश शंखधार दिनेश गुप्ता थापा,रूपेंद्र सिंह लाम्बा, विनय गुप्ता,दीपक सक्सेना,दीपक वर्मा, सर्वत हमीद खान,जावेद खान,अमित वैश्य, राजेश गुप्ता, संजय रस्तोगी,देवेंद्र गुप्ता, सगीर अहमद,वीरेंद्र वार्ष्णेय, फखरे आलम, यश गुप्ता, सुरेंद्र नानक, निखिल रस्तोगी,मनुज गुप्ता, अंश गुप्ता, प्रशांत जैन, गोपाल रस्तोगी, साहिब लांबा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बिल्सी में निकाली गई भगवान राम की शोभायात्रा

बदायूँ, । नगर के कछला बस स्टैंड के निकट स्थित मनकामेश्वर चांमुडा देवी मंदिर के तत्वावधान में बुधवार को भगवान राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यहां आर्कषक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर पर सबसे पहले हवन-यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद शाम को करीब छह बजे विधायक प्रतिनिधि नवनीत शाक्य और कोतवाल मनोक कुमार सिंह ने भगवान गणेश जी तिलक कर शोभायात्रा का शुभांरभ किया। जो नगर के चंद्रशेखर आजाद मार्केट, बालाजी चौक, सर्राफा बाजार, बंबा चौराहा, मुख्य बाजार, कटरा बाजार होती हुई मोहल्ला संख्या आठ तक गई। उसके बाद थाना रोड, खैरी रोड होती हुई पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा की। शोभायात्रा में एटा से आई भगवान गणेश, राम-सीता, सांई बाबा, शंकर-पार्वती, मां दुर्गा के नौ रुप आदि आर्कषक झांकियां लोगों के लिए आर्कषक का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा को सफल बनाने में पूर्व चेयरमेन ओमप्रकाश सागर, आदित्य माहेश्वरी, रजनीश शर्मा, मनीष पाल वार्ष्णेय, परमानन्द, पंकज वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, राजीव माहेश्वरी, श्रीकृष्ण आर्या, नवरतन, मनोज कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रामनवमी पर शहर के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

कानपुर । चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई दी। मां तपेश्वरी, वैभव लक्ष्मी, बारादेवी, काली देवी और बुद्धा माता मंदिरों में सुबह से ही लम्बी कतारें लगी रहीं, जहां भक्तों ने माता के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसरों में ल्लजय माता दीङ्क के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।इसके अलावा घरों में कन्याभोज का भी आयोजन किया गया, वहीं कई श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भी कन्याओं को दही-जलेबी का प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं में माता के प्रति गहरी आस्था और उत्साह साफ तौर पर नजर आया, जिससे पूरे शहर में धार्मिक माहौल बना रहा।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्रमुख मंदिरों के बाहर बैरिकेटिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया गया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल के साथ बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई, जिससे महिलाओं को सुविधा मिल सके।वैभव लक्ष्मी मंदिर के पुजारी करन रामानुज दास ने शुक्रवार को कहा कि रामनवमी के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

# मजार के रास्ते को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, जमकर पथराव, दीवार ढही, 12 लोग हिरासत में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। गांव हिंडोर में बृहस्पतिवार दोपहर मजार तक जाने वाले रास्ते को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ, इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान मजार की एक दीवार भी ढह गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में करते हुए करीब 12 लोगों को हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव में असलम के घर के पास स्थित एक पुरानी मजार तक जाने वाले रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, फिर देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे और उसके बाद पथराव शुरू हो गया। काफी देर तक दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर पत्थर बरसाते रहे, जिससे आसपास के घरों में भी दहशत फैल गई। महिलाएं और बच्चे घरों में दुबक गए। कई लोगों को मामूली चोटें भी आईं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। घटना का वीडियो भी किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे मामला और चर्चा में आ गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर भीड़ ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संबंधित भूमि एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को विक्रय की गई थी, इसमें मजार स्थित है। इसी मजार पर चादर चढ़ाने और रास्ते के उपयोग को लेकर विवाद गहराता गया और बृहस्पतिवार को हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान मजार की दीवार भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गई।कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।वहीं एसपी ग्रामीण डॉ ह्देश कठेरिया बताया कि सहसवान पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करेगी।

# आरोपी अजय उसके ताऊ की अवैध संपत्ति पर चल सकता है बुलडोजर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ एचपीसीएल प्लांट पर बृहस्पतिवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। यहां पर पुलिस व कंपनी के अधिकारियों की टीम ने सुरक्षा ऑडिट का काम शुरू कर दिया गया ह

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके ताऊ राकेश सिंह समेत अन्य परिवारीजनों पर शिकंजा कसने लगा है। इनकी चिन्हित की गई अवैध संपत्ति में 27 दुकानें, फार्म हाउस से लेकर अवैध रूप से कब्जा की गई भूमि को प्रशासन ने जब्त किया है।

आरोपी परिवार को तहसील स्तर से नोटिस जारी कर 11 अप्रैल तक जवाब देने का समय दिया गया है। लेकिन, जिस तरह से यह सब भागे हुए हैं उससे अभी नोटिस का जवाब समय पर देना मुमकिन नहीं लग रहा है। ऐसे में इनकी अवैध संपत्तियों पर प्रशासन जल्द ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकता है।सैजनी गांव में बनी यह दुकानें ग्राम समाज की भूमि पर हैं। इसकी पुष्टि तहसील प्रशासन की जांच में हो चुकी है। इसके बाद ही राकेश सिंह के खिलाफ 45 लाख 57 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही तहसीलदार कोर्ट से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इस मामले के बाद यह पूरा परिवार भागा हुआ है। ऐसे में अब इसका नोटिस का जवाब समय पर मिलना आसान काम नहीं लग रहा है। यदि समय पर जवाब न मिला तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे बढ़ाई जा सकती है। प्लांट पर पसरा सन्नाटा, सुरक्षा ऑडिट शुरू

एचपीसीएल प्लांट पर बृहस्पतिवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। यहां पर पुलिस व कंपनी के अधिकारियों की टीम ने सुरक्षा ऑडिट का काम शुरू कर दिया गया है। इस ऑडिट के बाद ही यह तय हो सकेगा कि प्लांट की सुरक्षा कैसे रहेगी और किस वेंडर के जरिये यहां पर कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। प्लांट के सभी हिस्से को कंपनी के सुपुर्द कर दिया गया है। यहां पर सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी की तैनाती है। हत्या की वारदात को लेकर पुलिस की जांच जारी है। प्लांट परिसर में पुलिस टीम पूरी घटना का सीन रीक्रिएशन भी कर चुकी है।

# एम्स रायबरेली में पीत ज्वर (येलो फीवर) टीकाकरण केंद्र का किया गया शुभारंभ

❐ कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. भोला नाथ ने येलो फीवर के बारे में विस्तार से दी जानकारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। एम्स रायबरेली में कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन के मार्गदर्शन में पीत ज्वर (येलो फीवर) टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. भोला नाथ ने येलो फीवर के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इस टीकाकरण केंद्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह केंद्र अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और रोग की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे भारत में लगभग 70 येलो फीवर टीकाकरण केंद्र हैं, जिनमें एम्स रायबरेली का केंद्र शामिल है और उत्तर प्रदेश राज्य का चौथा केंद्र बनाया गया है। येलो फीवर टीकाकरण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश शुक्ला ने बताया कि येलो फीवर टीकाकरण केंद्र का स्थापना क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केंद्र अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले व्यक्तियों को अनिवार्य टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें येलो फीवर जैसे गंभीर संक्रामक रोग से सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही, इस देश में इस रोग के आयात को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश-निर्देशों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय यात्रा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाता है और वैध टीकाकरण प्रमाण पत्र (पीला कार्ड) जारी किया जाता है। यह केंद्र, न केवल रायबरेली बल्कि आसपास के जिलों जैसे प्रतापगढ़, अमेठी, प्रयागराज और उन्नाव के लोगों के लिए सुविधाजनक, सुरक्षित एवं प्रमाणित आरक्षण सुविधा प्रदान करता है, केंद्र से न केवल रायबरेली बल्कि आसपास के जिलों जैसे प्रतापगढ़, अमेठी, प्रयागराज और उन्नाव के लोगों को भी लाभ मिलेगा।इस कार्यक्रम में डीडीए कर्नल अखिलेश सिंह, एफए कर्नल यू.एन. राय, आंतरिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. मधुकर मित्तल, फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रबल जोशी, जैव रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय यादव, डीएमएस डॉ. अरुणप्रीत कौर और डॉ. के. डी. सिंह भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ''मिशन शक्ति विशेष अभियान फ़ेज 5'' के द्वितीय चरण के तहत कस्बा रायसत्ती में बालिकाओं तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर व सभी हेल्पलाइन नंबर तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम–म.उ.नि. कुसुम लता शर्मा म.हे.का.मोनिका थाना रायसत्ती जनपद संभल।

## अफवाहों पर प्रशासन का सख्त एक्शन, डीएम–एसपी खुद उतरे मैदान में

**उरई, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में डीजल–पेट्रोल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने उरई, कोंच सहित विभिन्न क्षेत्रों के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल की अस्थायी कमी अवश्य पाई गई, जिसका प्रमुख कारण पिछले दिनों बढ़ी खपत एवं टैंकरों की समय पर आपूर्ति न होना रहा। वहीं एक स्थान पर पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद बिक्री बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उरई एवं कोंच क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान किसानों ने डीजल की कमी से फसलों की बुवाई एवं कटाई प्रभावित होने की बात रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही भरोसा दिलाया कि उसी दिन आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह से रात तक लगातार पेट्रोल पंपों की निगरानी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने पाए।

## वाराणसी मंडल में पहली बार पहल : बनारस रेलवे स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित




**वाराणर्सी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पूर्वोत्तर रेलवे में वाराणसी के मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में वाराणसी मंडल ने सतत एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल किया गया। शुक्रवार को बनारस रेलवे स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित किया गया, जिसके लिए ई–नीलामी के माध्यम से दो लाख 67 हजार में लाइसेंस प्रदान किया गया है।मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि वाराणसी मंडल में इस प्रकार की पहली पहल है, जो नवाचार एवं यात्री सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बैटरी स्वैपिंग सुविधा यात्रियों, आगंतुकों तथा अंतिम मील परिवहन सेवाओं जैसे ई–रिक्शा एवं दोपहिया वाहन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। क्योंकि इससे डिस्चार्ज बैटरियों का त्वरित एवं सुविधाजनक प्रतिस्थापन संभव होगा। इससे चार्जिंग में लगने वाले समय की बचत होगी, स्थानीय परिवहन की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा पर्यावरण अनुकूल वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।इस सुविधा को बनारस रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सुविचारित रूप से स्थापित किया गया है। जिससे उपलब्ध स्थान का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हुआ है तथा यात्रियों की आवाजाही में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही, यह रेलवे के लिए गैर–भाड़ा राजस्व अर्जन का एक सशक्त माध्यम भी है।

## सपा का प्रतिनिधिमंडल जौनपुर में पीड़ित परिवार से मिला, दो लाख का चेक सौंपा

**जौनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में स्थित मल्हनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फूलपुर गांव में हाल ही में हुई एक दुखद घटना के बाद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार को उनके घर पहुंचा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गांव निवासी ललई यादव की दबंगों द्वारा कथित रूप से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर गठित प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में मल्हनी के विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, सदर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और अखिलेश यादव की ओर से 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, विधायक लकी यादव और पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने संयुक्त रूप से कहा कि समाजवादी पार्टी हर पीड़ित के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## सेवा ही सच्चा संस्कार है, जो व्यक्ति को समाज से जोड़कर उसे श्रेष्ठ बनाता है : रीना त्रिपाठी

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गंगोत्री देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन आज उत्साह, संवेदना और सांस्कृतिक रंगों से भरे वातावरण में हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर ने छात्राओं को समाज सेवा के साथ–साथ जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व का व्यावहारिक अनुभव दिया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि रीना त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा का भाव ही व्यक्ति को समाज से जोड़ता है और उसे एक बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर छात्राओं को जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराते हैं और उनमें संवेदनशीलता तथा जिम्मेदारी का विकास करते हैं।विशिष्ट अतिथि आशुतोष मिश्र ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिविर में सीखी गई बातें तभी सार्थक होंगी, जब उन्हें दैनिक जीवन में उतारा जाए। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन छोटे–छोटे प्रयासों से ही शुरू होता है और हर व्यक्ति इसमें अपनी भूमिका निभा सकता है।अध्यक्षीय सम्बोधन में प्राचार्य डॉ. गौरी पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, टीमवर्क और सामाजिक चेतना इस शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धियां रही हैं। उन्होंने कहा कि यह शिविर सात दिनों के कार्यक्रम के साथ छात्राओं के भीतर सेवा, जागरूकता और जिम्मेदारी की एक स्थायी शुरुआत है, जिसकी गूंज आने वाले समय में समाज में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई देगी।शिविर के दौरान छात्राओं ने गांवों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा प्रसार जैसे कार्य किए। समापन अवसर पर इन गतिविधियों की झलक प्रस्तुत की गई, जिसे सभी ने सराहा। समारोह का खास आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों के साथ–साथ कव्वाली ने पूरे माहौल को ऊर्ज़ावान बना दिया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और सामाजिक एकता, सद्भाव तथा सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रत्या उपाध्याय और डॉ. प्रियंका त्रिपाठी के निर्देशन में शिविर का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता पांडेय,डॉ. शीला त्रिपाठी के साथ सोनिया, शालू, स्नेहा, प्राची, अनीता एवं अन्य स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

# थुलवासा गांव में 26 वर्षीय युवक ने कथित रूप से की आत्महत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा गांव में एक 26 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। युवक ने यह कदम उठाने से ठीक पहले सोशल मीडिया पर अपनी मानसिक पीड़ा व्यक्त की थी। घटना शुक्रवार सुबह सामने आई, जब उसका शव फंदे से लटका मिला। मृतक युवक उमेश यादव 26 वर्ष पूरे रतन का पुरवा, ग्राम थुलवासा निवासी छेदीलाल यादव का पुत्र है। उसका शव घर से कुछ दूरी पर स्थित मुर्गा बाड़े में फंदे से लटका हुआ पाया गया। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, उमेश पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।गुरुवार रात करीब 12 बजे उमेश ने सोशल मीडिया के फ़ेसबुक पेज पर लाइव आकर अपनी व्यथा साझा की थी। इसके कुछ ही समय बाद उसने फंासी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर महाराजगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि युवक का शव मुर्गा बाड़े में फंदे से लटका मिला है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस युवक की सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

# जनपद में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

❐ एडीएम व एएसपी ने विभिन्न पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का किया गया औचक निरीक्षण

❐ प्रशासन ने जनपद वासियों से की अपील अफवाहों पर न दे ध्यान, पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक है उपलब्ध



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। जनपद में उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम पदार्थों (यथा-डीजल, पेट्रोल, एलपीजी गैस) की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पेट्रोल व डीजल की कमी की अफवाह से पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ व वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पेट्रोल-डीजल व घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसके साथ ही उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुवे कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दे, जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, सभी पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों पर सुचारू रूप से आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए जनपद में अधिकारी भ्रमणशील रहकर निगरानी कर रहे है, इसके साथ ही गैस एजेंसियों के लिए एजेंसीवार अलग से नोडल अधिकारी नामित किए गए है, जो निरंतर उपलब्ध स्टॉक, डिमांड व डिमांड के सापेक्ष आपूर्ति की निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा की जमाखोरी, कालाबाजारी व अफवाह फैलाने वालों पर भी प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है, यदि कही पर भी ऐसा कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी। निरीक्षण के समय जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुररहमान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की फैली अफवाह ने जिले में मचाया हड़कंप

❐ लोग पंपों पर गैलन व जरीकेन लेकर टूट पड़े जिससे महराजगंज के वंशिका, नायरा, समेत कई पेट्रोल पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटक गए हैं



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की फैली अफवाह ने क्षेत्र में हड़कंप मचा रखा है। स्थिति यह है कि लोग जरूरत से ज्यादा स्टॉक जमा करने के लिए पंपों पर गैलन व जरीकेन लेकर टूट पड़े, जिससे महराजगंज के वंशिका,नायरा, समेत कई पेट्रोल पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटक गए हैं। इसके अलावा जहाँ तेल उपलब्ध है, वहाँ उपभोक्ताओं और पंप कर्मचारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। पूरे पंडित मजरे ओसाह निवासी अनूप मिश्रा ने ओसाह स्थित हमारा पेट्रोल पम्प का वीडियो साझा कर बताया कि पम्प प्रबंधन द्वारा आम जनमानस को सौ रुपए का पेट्रोल दिया जा रहा है। वही नियमों को ताक पर रखकर करीबियों को 'कुप्पी/केन' भरकर तेल दिया जा रहा है, जबकि आम जनता लाइन में खड़ी है। पंप कर्मचारी बेहद अमर्यादित और दबंगई से पेश आ रहे हैं। कुसुढ़ी सागरपुर स्थित नायरा पेट्रोल पम्प पर ईंधन न होने से सन्नाटा रहा। पम्प मालिक विमल रस्तोगी का कहना है कि टैंक फुल कराने वालों की लंबी कतारों के कारण देर रात तक स्टॉक खत्म हो गया। डिपो से नया लोड आने के बाद ही वितरण दोबारा शुरू हो पाएगा। क्षेत्रीय उपभोक्ता लाल सिंह, नागेंद्र तिवारी, राम प्रकाश शुक्ला आदि का कहना है कि आवश्यकता के अनुसार ईंधन न मिलने से आवागमन बाधित हो गया है। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। सभी पम्प संचालकों को सीमित मात्रा में तेल दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। स्थिति सामान्य होने में कुछ समय जरुर लग जाएगा।

# देवरिया में दो तस्कर गिरफ्तार 9 गोवंश कराए मुक्त



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देवरिया । जनपद की बनकटा पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 9 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराते हुए दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि थाना बनकटा पुलिस ने गुरुवार रात एक सूचना पर ग्राम धरहनिया स्थित मुर्गी फार्म के पास वाहनों चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान पिकअप वाहन यूपी (यूपी 52 बीटी 3660) से बिहार ले जाए जा रहे 9 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से दो अभियुक्त परान छपरा निवासी हीरा यादव और वार्ड नंबर एक भगड़ा भवानी निवासी दिलीप तुरहा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नेताओं के साथ बैंक घोटाले का आरोपी साझा कर रहा मंच, पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहा

## बैंक घोटाले के आरोपियों का जलवा किसी बड़े नेताओं से कम नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के यूपी कोऑपरेटिव बैंक की बड़गांव शाखा में हुए 21.47 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले में नामजद सोलह में से तेरह आरोपी 75 दिनों से फरार चल रहे हैं। गोंडा की नगर कोतवाली पुलिस अभी तक इन्हें गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ फरार आरोपी खुलेआम पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक के सा थ खुले आम मंच साझा करते देखे जा रहे हैं। यह मामला फर्जी दस्तावेजों के सहारे गलत तरीके से 21.47 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े और घोटाले से जुड़ा है।लेकिन गोंडा पुलिस कहना है बैंक घोटाले के आरोपियों की मोबाइल की लोकेशन नहीं मिल रही है अपना मोबाइल सिम बंद कर लिए हैं।लेकिन पुलिस के सामने ही बैंक घोटाले के आरोपी मंच पर बैठकर पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक का स्वागत कर रहे हैं और यह सब कार्य पुलिस के सा मने हो रहा है और पुलिस कहती है बैंक के घोटाले के आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं।गोंडा नगर कोतवा ली में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।बी ते 12 जनवरी से ही नगर कोतवाली पुलिस इस पूरे फ्रॉड की जांच कर रही है।फरार चल रहे आरोपि यों में तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय तत्कालीन प्रबंधक सुशील कुमार,तत्कालीन सहायक कैशिय र पवन कुमार शामिल हैं।इनके अलावा खाताधारक सुमित्रा पाल,संजना सिंह,राज प्रताप सिंह, ज य प्रताप सिंह,फूल मोहम्मद,रितेंद्र पाल सिंह,गीता देवी वर्मा,दुष्यंत प्रताप सिंह,मोहम्मद असलम और प्रतीक कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस पूरे घोटाले और फ्राड ही नहीं बल्कि कई और भी मामले हैं मामलों की भी जांच नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने जांच में इस फ्रॉड और घोटाले की पुष्टि की है,आ रोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों को लगाया गया है, सवाल या उठना लाजिमी है। कि क्या गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपियों को आंख बंद करके ढूंढ रही है इस लिए पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिल रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह का सिर्फ एक ही रटा रट या बयान आता है कि फरार बैंक घोटाले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें ल गी हुई हैं।उन्होंने कहा कि आरोपी अपने मोबाइल फोन बंद करके फरार चल रहे हैं, जिससे उनकी गिरफ्तारी में दिक्कत आ रही है। सभाजीत सिंह ने यह भी कहा कि यदि कोई आरोपी किसी नेता के साथ घूम रहा है,तो उसकी गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया जा रहा है,हालांकि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है।लेकिन पुलिस पर सवाल या उठना है 12 जनवरी 2026 को मुकदमा पंजीकृत होता है और बैंक घोटाले का आरोपी 26 जन वरी को खुले आम पुलिस कर्मियों के सामने नेता ओं के साथ मंच साझा कर उनका स्वागत करते हैं, तब क्या पुलिस को बैंक घोटाले का आरोपी नहीं दिखाई दे रहे है।

# बीजेपी में मचा घमासान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता






गोंडा। जिले में भारतीय जनता पार्टी और बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा को बड़ा झटका लगा है।भाज पा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्म द इमरान खान ने अपने पद और पार्टी की सदस्य ता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम गोंडा की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में नामित सभासदों की सूची में किसी भी अल्पसंख्यक को शामिल न किए जाने के विरोध में उठाया है। मोह म्मद इमरान खान ने अपना इस्तीफा भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंजूर अहमद को सौंपा है।उनके इस्तीफ़े से पार्टी के भीतर असंतोष सा मने आया है।इमरान खान ने अपने त्यागपत्र में लि खा है कि हाल ही में गोंडा नगर पालिका और कई नगर पंचायतों में बड़े पैमाने पर नामित सभासद ब नाए गए हैं।हालांकि,भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अल्पसंख्यक मोर्चा को पूरी तरह से दर किनार कर दिया और किसी भी अल्पसंख्यक व्य क्ति को नामित सभासद नहीं बनाया।उन्होंने पत्र में आगे कहा कि अल्पसंख्यकों का भारतीय जनता पार्टी में कोई स्थान नहीं है और न ही उन्हें पार्टी में कोई महत्व दिया जा रहा है।इसी कारण उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य पद और अपने जि ला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है।मोहम्मद इमरान खान गोंडा नगर पालिका परि षद के मेवतियान मोहल्ले के निवासी हैं।वह पिछ ले दस वर्षों से पार्टी कार्यकर्ता के रूप में भाजपा से जुड़े हुए थे।उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें भार तीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि जब इस पूरे मामले को लेकर की गोंडा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया की इस्तीफ़े की फिल हाल मुझे कोई जानकारी नहीं है।जानकारी करके ही मैं आपको जानकारी दे पाऊंगा नामित सभास द बनाना मेरे हाथ में नहीं है यह सब पार्टी नेतृत्व का फैसला और सरकार का है।

# मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। वजीरगंज पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा औ र स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के लिए 'मिशन शक्ति (फ़ेज-5.0)' के द्वितीय चरण के तहत एंटी रोमियो अभियान चलाया।गिरधारीपुरवा गांव मे जागरूक ता कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी गईं।पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर औ र डिजिटल सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया औ र महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।पुलिसकर्मियों ने महिला सुर क्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली तथा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्हें सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी,फर्जी कॉ ल और संदिग्ध लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी गई।इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओंकृविधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवा ह योजना और सुमंगला योजनाकृकी जानकारी दे ते हुए पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सिलेंडर के लिए आईटीआई मैदान में लंबी लाइन

## श्री साई सिद्धि भारत गैस के संचालक की लापर वाही से उपभोक्ता परेशान,जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए एक बार फिर लंबी कतारें देखी जा रही हैं।.आज शुक्रवार को आईटीआई मैदान में श्री साईं सिद्धि गैस एजेंसी के ढाई सौ से अधिक उपभोक्ता सुबह चार बजे से भारत गैस सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं।हालांकि,अभी तक उन्हें गैस नहीं मिल पाई है उपभोक्ता अपने खाली सिलेंडर रखकर या जमी न पर बैठे हुए हैं। इन लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से गैस सिलेंडर की बुकिंग की थी, जिसके बाद वे यहां डिलीवरी लेने पहुंचे हैं।कतारों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं,जो सुबह से बिना कु छ खाए-पिए इंतजार कर रही हैं।नवरात्रि की तिथि

नवमी होने के बावजूद कई महिलाएं सुबह से ही घर का सारा कामकाज छोड़कर यहां खड़ी हैं।एजें सी की ओर से अभी तक कोई भी अधिकृत व्यक्ति उपभोक्ताओं को गैस मिलने के समय के बारे में जानकारी देने नहीं पहुंचा है।इस संबंध में गोंडा के जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे ऑनलाइन माध्यम से गैस की बुकिंग करें, ताकि होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

सभी गैस एजेंसी मालिकों से भी बात की गई है कि जो भी लोग बुकिंग कर रहे हैं उनसे बात करके उनके घरों तक होम डिलीवरी कराई जाए गोंडा में कराई भी जा रही है सभी जगह पर भीड़ खत्म हो गई है।यह लोग आईटीआई मैदान में कैसे भीड़ लगाए हुए हैं इसकी जानकारी की जा रही है और इन लोगों को अभी तक गैस क्यों नहीं मिला इसकी भी जानकारी ली जा रही है।

# उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ वृहद रोज़गार मेला

## प्रभारी मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बांटे जॉब आफर लेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के थनेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ल्लउत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्षङ्क के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्थान आडिटोरियम में 09 दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर वृहद रोज़गार मेले का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। 9 दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन आयोजित हुए वृहद रोज़गार मेले में 09 नियोजकों द्वारा प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी कड़ी में सोमवार को आयोजित हुए रोज़गार मेले में 19 नियोजक तथा मंगलवार को आयोजित हुए मेले में 10 नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुए मेले के दौरान कुल 1056 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न नियोजकों द्वारा किया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 06 लाभार्थियों को डेमो चेक तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान निधि योजना के तहत मोची, कुम्हार, लोहार व बढ़ई ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को टूल किट तथा श्रम विभाग द्वारा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 04 लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री ने मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ 10 लाभार्थियों को जाब ऑफर लेटर, 06 लाभार्थियों को डेमो चेक, टूल किट तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 09 दिवसीय समारोह के दौरान आडिटोरियम परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला स्वयं सहायता समूह, जिला मिशन प्रबन्धन इकाई, ओडीओपी, चिकित्सा विभाग, गन्ना विभाग, आईसीडीएस विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर विभागीय प्रचार-साहित्य इत्यादि का वितरण कर आमजन को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिलो में मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित कर साक्षात्कार के माध्यम से युवक-युवतियों को रोज़गार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें दक्ष बनाया जा रहा है। जिससे वे सेवायोजित होकर अथवा अपना स्वयं का रोज़गार स्थापित कर सकते हैं। श्री शाही ने युवाओं का आहवान किया कि सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं ताकि शासन की मंशानुरूप आपको सेवायोजित कराया जा सके। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, लीड बैंक प्रबन्धक जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# गोंडा में कई पेट्रोल पंप बंद, जहां मिल रहा तेल वहां घंटों से लगी लंबी लाइनें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में पेट्रोल और डीजल को लेकर अचान क मांग बढ़ने से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गई हैं, कई जगह स्टॉक खत्म होने से तेल के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है,अन्य शह रों से आई खबरों और छुट्टी के चलते पेट्रोल पंप प र भीड़ अचानक से बढ़ गई है,प्रशासन और पेट्रो लियम कंपनियों ने साफ किया है कि ईंधन की को ई कमी नहीं है और लोगों से घबराने व जमाखोरी से बचने की अपील की है।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल को लेकर दिखी हलचल अब शहरों तक पहुंच गई है, यहां भी पेट्रोल पंपों पर अचानक बढ़ी भीड़, लंबी कतारें और 'तेल खत्म' के बोर्ड ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है एकाएक बढ़ी भीड़ के चलते तेल लेने के लिए लोगों को अपनी बारी आने का घंटो इंतजार करना पड़ रहा है हालां कि प्रशासन और पेट्रोलियम कंपनियों ने साफ कि या है कि घबराने की जरूरत नहीं है।

### पंपों पर लंबी कतारें, इंतजार बढ़ा

शुक्रवार को जिले के विभिन्न इलाकों में पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों की लंबी कतारें देखी गईं है आम तौर पर जहां भीड़ कम रहती थी,वहां भी वाहन ला इन में लगे नजर आए,लोगों को पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए काफी समय तक इंतजार करना पड़ा रहा है।कुछ स्थानों पर स्थिति यह रही कि लो गों को एक से दो घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा है।

### कहीं स्टॉक खत्म, कहीं सीमित आपूर्ति

जिले के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन का स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई है, कुछ पंपों पर 'पेट्रोल उ पलब्ध नहीं' या 'डीजल खत्म' जैसे बोर्ड भी लगाए गए. जहां ईंधन उपलब्ध था, वहां भी सीमित मात्रा में ही दिया जा रहा था,कई लोग टैंकर के आने का इंतजार करते नजर आए, ताकि सप्लाई शुरू होते ही वे अपनी गाड़ी में ईंधन भरवा सकें,शुक्रवार को अवकाश होने के कारण भी पंपों पर भीड़ बढ़ने की एक वजह सामने आई है बड़ी संख्या में लोग अपनी गाड़ियों में पेट्रोल भरवाने के लिए निकल पड़े है इसके अलावा,अन्य शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई प्रभावित होने की खबरों का असर भी गोंडा में देखने को मिला,जिससे लोगों ने एहतियात के तौर पर ईंधन भरवाना शुरू कर दिया है।

### प्रशासन की अपील पैनिक न हों,जमाखोरी से बचें

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में जरूरत से ज्यादा पेट्रोल या डीजल न भरवाएं, अधिकारियों का कहना है कि पैनिक की स्थिति से अनावश्यक दबाव बनता है और आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है प्रशास न ने यह भी स्पष्ट किया है कि आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### पेट्रोलियम कंपनियों का दावा तेल की कमी नहीं

पेट्रोलियम कंपनियों ने भी बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश में ईंधन की कोई वास्तविक कमी नहीं है कंपनियों के अनुसार, यह स्थिति केवल अचानक बढ़ी मांग के कारण बनी है जिन पंपों पर स्टॉक खत्म हुआ है,वहां जल्द ही टैंकर के माध्यम से आपूर्ति पहुंचाई जा रही है,अधिकारियों के मुताबि क,आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में स्थिति सामान्य हो जाएगी, फिलहाल, लोगों से संयम बरतने और केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन लेने की अपील की जा रही है।

# स्वामीनारायण छपिया मंदिर के पुलिस चौकी का उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। भगवान घनश्याम महाराज की जन्मस्थली स्वामीनारायण छपिया मंदिर के पास परशुरामपुर, मखौड़ा-अयोध्या मार्ग पर नव निर्मित पुलिस चौ की का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया।उद्घाटन समारोह और शुभारंभ जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन और पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने चौकी का फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घा टन किया।समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें मंदिर के महंत देवप्रसाद दास और गुरु जगत प्रकाश ने भी भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंदिर क्षेत्र में चौकी की स्थापना सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत आवश्यक थी।इससे न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी,बल्कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित का र्रवाई संभव होगी।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयो जनों और मेलों के दौरान चौकी से भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।वही स्थानीय नागरिकों ने पुलिस चौकी के निर्माण पर खुशी जताई।उनका कहना था कि इससे न सिर्फ मंदिर क्षेत्र में बल्कि आस पा स के गांवों में भी कानून-व्यवस्था मजबूत होगी।इ स अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत,एसडीएम मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, सीओ मनकापुर उदित नारायण पालीवाल, थाना ध्यक्ष प्रबोध कुमार, सागर भगत, पूर्व प्रमुख शैलेंद्र पांडेय,ज्ञान प्रकाश पांडेय,चौकी प्रभारी स्वामीनारा यण छपिया शैलेश कुमार,उप निरीक्षक सुरेश याद व और अयोध्या प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिका री मौजूद रहे।

# राम नवमी पर पूरनपुर में भव्य शोभायात्रा आस्था और उत्साह का ऐतिहासिक संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राम नवमी के पावन पर्व पर ठाकुरद्वारा मंदिर समिति द्वारा नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने इस वर्ष धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया पूरे नगर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन का हिस्सा बने शोभायात्रा का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ इसके बाद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया ल्लजय श्रीरामङ्क और ल्लराधे-राधेङ्क के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बाबू राम पासवान, नगर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि निर्विकार सिंह उर्फ अप्रूव सिंह , भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख शिवम सिंह भदौरिया, भारतीय बजरंग दल के जिलाअध्यक्ष संजय मिश्रा, मुनेंद्र पाल सागर सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे उनकी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की शोभायात्रा की सबसे बड़ी विशेषता रही आकर्षक और जीवंत झांकियां, जिनमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के प्रसंगों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया बच्चों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार हुआ इसके साथ ही राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ आगे बढ़ती शोभायात्रा ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सकी राम नवमी के अवसर पर निकली यह भव्य शोभायात्रा न केवल धार्मिक आयोजन रही, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक बनी श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन का स्वरूप दे दिया, जो नगर की धार्मिक पहचान को और सशक्त करता है शोभायात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए अधिकारियों की निगरानी में शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

## आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर में चैत्र नवरात्रि उत्सव संपन्न, कन्या पूजन के साथ गूंजा भक्तिमय माहौल

पूरनपुर। एलआईसी ऑफिस रोड स्थित आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व प्रधानाचार्य द्वारा माँ भगवती व माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ विद्यालय के विद्यार्थियों ने देवी स्तुति, मंत्रोच्चार और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी महाअष्टमी पर कन्या पूजन आयोजित कर बालिकाओं के चरण पखारकर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। शिक्षकों ने नवरात्रि के महत्व और नारी सम्मान का संदेश दिया अंत में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए राम नवमी की शुभकामनाएं दीं है।

# इलाज के दौरान आरक्षी की मौत, मचा कोहराम, सीओ सिटी ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि, दिया कंधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। बीते दिनों तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती आरक्षी की इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना से परिवार में कोहराम मच गया। आरक्षी की मौत की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि देते हुए शव को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव निवासी कपिल दूबे (35)पुत्र प्रेम शंकर दूबे सीतापुर जिले के तंबौर थाने के दलपतपुर चौकी पर तैनात थे। बीते 21 मार्च को उनकी तबीयत खराब हुई तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को आरक्षी की मौत हो गई।मौत की सूचना पर उनके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक सिपाही 2018 बैच का था। देर शाम पैतृक निवास मढ़हा शव पहुंचा तो कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह सीओ सिटी सौरभ सामंत व थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने मृतक के घर पहुंच कर शव को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के बाद सीओ व अन्य पुलिस कर्मियों ने शव को कंधा देते हुए अंतिम संस्कार के लिए राज घाट कुड़वार रवाना किया। जहां सिपाही का अंतिम संस्कार हुआ। घटना से मृतक की पत्नी अंजली, 03 वर्षीय बेटे, डेढ़ वर्षीय बेटी, भाई कृष्ण कुमार दूबे, राजकुमार दूबे का रो रो कर बुरा हाल है। सीओ सिटी ने बताया कि आरक्षी की मौत से पुलिस विभाग की अपूरणीय क्षति हुई है।जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। इस दुख की घड़ी में पूरा पुलिस विभाग परिवार के साथ खड़ा है।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार पुलिस व ग्रामीणों ने निभाई संवेदनशील जिम्मेदारी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे हरिवंश (रैंचा गिरजा मोड़) में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर उसका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार पीआरवी 5298 (दोपहिया 112) पर तैनात कांस्टेबल हेमराज, होमगार्ड सुरेश कुमार तथा स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी की मौजूदगी में मोर का पूरे विधि–विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस मानवीय पहल की सराहना की।

## समाजवादी पार्टी ने जिला उल मुस्तफा को उपाध्यक्ष एवं परवेज हुसैन कोषाध्यक्ष किया नियुक्त

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। नगर निवासी जिला उल मुस्तफा को समाजवादी पार्टी में विधानसभा में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।जिला उल मुस्तफा शुरू से ही समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते चले आ रहे हैं।विधानसभा चुनाव ,लोकसभा चुनाव या पंचायत चुनाव सभी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का कार्य जिला उल मुस्तफा लगातार करते चले आ रहे हैं।समाजवादी पार्टी में उनकी निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में किए गए कार्यों से प्रसन्न होकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने नगर में स्थित एक बैंकट हॉल में हुई मासिक बैठक एवं कमेटी गठन कार्यक्रम में उनको अपनी टीम में विधानसभा उपाध्यक्ष नियुक्त कर नियुक्ति पत्र सौंपा है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव,छात्र नेता नोमान अली वारसी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक बांस का डण्डा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत गुरुवार को थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मारपीट के मामले में वांछित लाल चन्द्र पुत्र अयोध्या प्रसाद उर्फ छेददन निवासी ग्राम खौपुर मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को पकड़े गये युवक की निशानेही पर ग्राम खौपुर के बाहर झाड़ियों से मारपीट में प्रयुक्त एक बांस का डण्डा बरामद हुआ है। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## एसआईआर की मजबूती, पीडीए और सर्वसमाज का रोष ही अखिलेश को बनाएगा सीएम

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। समाजवादी पार्टी के इस दावे ने उत्तर प्रदेश की राजनीतिक गलियारों में चर्चा का तापमान और बढ़ा दिया है। सुल्तानपुर से समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश के सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य, बार एसोसिएशन सुल्तानपुर ने कहा कि सत्ता पक्ष ने गरीब, मजलूम, पिछड़े, वंचित, अगड़े, महिलाओं समेत पूरे समाज को लाइन में खड़ा कर दिया है।

चाहे बात गैस सिलेंडर की हो, पेट्रोल–डीजल की, खाद–बीज की, या फिर कोरोना काल, नोटबंदी और एसआईआर जैसे फैसलों की केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने आजादी के बाद पहली बार जनता को इतनी लंबी–लंबी लाइनों में खड़ा किया है। अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने भविष्यवाणी की कि 2027 में लोकसभा चुनाव की तरह चौंकाने वाला परिणाम सामने आएगा। 2012 की तरह नए चेहरे को तरजीह मिलेगी और समाजवादी पार्टी पांचों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के सिपाही दिन–रात मेहनत कर रहे हैं। गांव से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी है। धरना–प्रदर्शन, ज्ञापन देने का सिलसिला लगातार चल रहा है। सपा के युवा संगठन के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद, शिव मंगल तिवारी, भजन यादव और यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट स्वयं कंधे से कंधा मिलाकर इस संघर्ष में जुटे हुए हैं। जिले के सपा मुखिया रघुवीर यादव के मजबूत नेतृत्व में समाजवादी पार्टी अबकी बार 2012 का इतिहास दोहराने जा रही है। जनता सत्ता पक्ष को पूरी तरह बेनकाब करेगी। गैस, पेट्रोल, डीजल और राशन की लाइनों की त्रासदी के साथ–साथ नोटबंदी, कोरोना और एसआईआर का बदला जनता 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर लेगी। अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने साफ कहा सत्ता पक्ष को जनता अब जवाब देने वाली है। 2012 के फॉर्मूले पर नए चेहरे के रूप में समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में जीत का नया कीर्तिमान रचेगी।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक देवलपुर गांव में चलाया जागरूकता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही आपातकालीन सेवाओं की जानकारी के लिए स्थानीय थाने के पुलिस कर्मियों ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत महिलाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही सेवाओं की जानकारी दी। शुक्रवार को उपनिरीक्षक नवरंग सोनकर के साथ महिला व पुरुष आरक्षियों की टीम ने स्थानीय थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वूमन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा व साइबर अपराध 1930 के बारे में जानकारी दी गई। जागरूक करते हुए जानकारी दी गई कि इन नंबरों पर आवश्यकता पड़ने पर मदद ली जा सकती है।शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की जाती है।

# जाम से मुक्ति क्यों नहीं? दबाव, लापरवाही या सिस्टम की कमजोरी–आखिर सच्चाई क्या है?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर की सड़कों पर बढ़ता जाम अब आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। रोज़ाना घंटों तक जाम में फंसे लोग यही सवाल पूछ रहे हैं। आखिर कब मिलेगी इस समस्या से मुक्ति क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधि किसी दबाव में हैं या फिर जानबूझकर सख्त फैसलों से बच रहे हैं जाम के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण, ई-रिक्शा की अव्यवस्थित आवाजाही, लगातार बढ़ते वाहन और कमजोर ट्रैफिक प्रबंधन स्थिति को बदतर बना रहे हैं स्थानीय स्तर पर व्यापारियों, वाहन चालकों और यूनियनों का दबाव अक्सर सख्त कदमों में बाधा बनता है। वहीं, जनप्रतिनिधि वोट बैंक के नुकसान के डर से खुलकर समर्थन नहीं कर पाते नतीजा–प्रशासन आधे-अधूरे मन से कार्रवाई करता है और समस्या जस की तस बनी रहती है लेकिन इसी बीच व्यापार मण्डल सहित आम जन मानस शहर वासियों की एक मांग सुरक्षित पूरनपुर जाम से राहत लगातार जाम से लोग समय, ईंधन और धैर्य तीनों खो रहे हैं आम धारणा बन रही है।कि जिम्मेदार लोग ल्लदेखकर भी अनदेखाङ्क कर रहे हैं, जिससे व्यवस्था पर भरोसा कमजोर पड़ रहा इस समस्या से निपटने के लिए सख्त और निरंतर कार्रवाई जरूरी है। अतिक्रमण हटाना, ई-रिक्शा के लिए तय रूट और स्टैंड बनाना, ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना–ये कदम बिना राजनीतिक इच्छाशक्ति के संभव नहीं जाम की समस्या का समाधान तभी संभव है जब प्रशासन और जनप्रतिनिधि दबाव से ऊपर उठकर जनहित में ठोस और स्थायी फैसले लें साथ ही, आम जनता को भी नियमों के पालन में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी–तभी सड़कों पर राहत की उम्मीद की जा सकती है अगर जनप्रतिनिधि या प्रशासन किसी दबाब मे तो आम जनता को स्पष्ट करे लोगों के बीच यह धारणा बनती जा रही है प्रशासन सब देख रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं करना चाहता,जनप्रतिनिधि वोट के डर से सख्त निर्णय नहीं लेते,यही वजह है कि कान में रुई डालकर बैठने वाली बात लोगों के मन में जगह बना रही है शहरों के विस्तार के हिसाब से ट्रैफिक प्रबंधन अपडेट नहीं हो रहा हर चौराहे पर निगरानी संभव है, जिससे कि नियम तोड़ने वालों के साथ सख्ती से निपटा जा सके।

# रेलवे का तोहफा: गोरखपुर–लालकुआं के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने बड़ी राहत देने का फैसला किया है गोरखपुर से लालकुआं के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन 10 अप्रैल से शुरू किया जाएगा,जो पूरनपुर से होकर गुजरेगी इससे नगर के यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा का लाभ मिलेगा रेलवे अधिकारियों के अनुसार 05009 गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से शाम 5:05 बजे रवाना होगी यह ट्रेन देर रात करीब 2:30 बजे पूरनपुर पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 8:00 बजे लालकुआं पहुंचेगी वापसी में 05010 लालकुआं-गोरखपुर समर स्पेशल 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से सुबह 10:00 बजे चलेगी यह ट्रेन दोपहर 3:20 बजे पूरनपुर पहुंचेगी और अगले दिन तड़के 1:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी पूरनपुर होकर चलेगी साप्ताहिक विशेष गाड़ी इस विशेष ट्रेन के संचालन से पूरनपुर के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा अब यात्रियों को लंबी दूरी के लिए बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी यात्रियों को गर्मी में सफर के दौरान मिलेगी राहत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि समर स्पेशल ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें सामान्य, शयनयान और एसी श्रेणी के डिब्बे शामिल होंगे इससे यात्रियों को उनकी सुविधा के अनुसार यात्रा करने का विकल्प मिलेगा रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस विशेष गाड़ी के संचालन से गर्मियों में बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

## बढ़ती महंगाई पर सपाइयों ने जताई चिंता सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग

पूरनपुर ।सपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई पर जताई चिंता ।सपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताई और सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की ताकि गरीब अपना घर चला सकें ।सपा जिला सचिव तौफीक़ अहमद क़ादरी ने कहा कि देश में महंगाई बढ़ रही है रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें भी आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं ।तेल खाद्यान्न दालें यहां तक कि सब्जी फल भी महंगाई के कारण आम आदमी से दूर होती जा रही है ।रसोई गैस भी आम आदमी को खरीदने में दिक्कत हो रही है ।सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए ताकि आम आदमी का जीना मुहाल हो सकें रोजमर्रा की जरूरत बाली चीजों को सस्ता करना चाहिए ।इस मौके पर सपा नेता अंग्रेज सिंह, परवेज हुसैन, जिया उल मुस्तफा,बृजपाल यादव, अमन यादव, नादिर रजा बरकाती, आदर्श पाण्डेय, रशीद अहमद ,जमील अहमद, इमरान शेरी आदि उपस्थिति रहे हैं।

# विविधता में एकता का संदेश देता है प्रभु श्री राम का जीवन : प्रो हरिशंकर मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कादीपुर/सुल्तानपुर। स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के संस्थापक अध्यक्ष कर्मयोगी स्वर्गीय पंडित रामकिशोर त्रिपाठी की 102वीं जयंती एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मदिवस के रूप में रामनवमी के अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रो हरिशंकर मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कितना दूर्लभ संयोग है एक तरफ समाज को शैक्षिक जीवन की सीख व सुविधा प्रदान करने वाले की तो सम्पूर्ण सनातन जनमानस को मर्यादा सामाजिकता, सौहार्द, प्रेम न्याय व आपसी भाईचारा का सन्देश देने वाले प्रभु श्रीराम का भी जन्मदिवस का अनुपम महोत्सव एक ही तिथि पर है।

प्रो मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। यह भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में जाना जाता है, जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। श्री राम अवतार का मुख्य उद्देश्य धर्म की स्थापना, रावण जैसे अधर्मी शक्तियों का संहार और सत्य-न्याय की रक्षा करना था। रामायण में वर्णित उनके जीवन से हमें मर्यादा, कर्तव्य, सत्य, करुणा, विनम्रता और परिवारिक मूल्यों की प्रेरणा मिलती है। वर्तमान समय के तेज़-रफ्तार, तनावपूर्ण और मूल्य-हीन होते जा रहे युग में रामनवमी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्जागरण और जीवन-दर्शन का प्रतीक है। आज जब व्यक्तिगत स्वार्थ, भ्रष्टाचार और नैतिक पतन आम है, राम हमें सिखाते हैं कि कर्तव्य से कभी समझौता न करने की सीख दिया, उन्होंने पिता की आज्ञा मानकर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया, भाईचारे का आदर्श प्रस्तुत किया और पत्नी सीता के प्रति समर्पण दिखाया। आधुनिक जीवन में यह रिश्तों की मर्यादा, ईमानदारी और संयम सिखाता है। रामराज्य आदर्श शासन का प्रतीक थाकृ जहां न्याय, समानता, कोई भेदभाव नहीं और प्रजा सुखी थी। आज के लोकतंत्र, राजनीति और कॉर्पोरेट जगत में नैतिक नेतृत्व, सेवा-भाव और समावेशिता की जरूरत है। प्रभु श्री राम हमें याद दिलाते हैं कि सच्चा नेता वह है जो सत्य और धर्म पर अडिग रहे, भले ही व्यक्तिगत त्याग करना पड़े। राम का जीवन हमें सामाजिक सद्भाव और एकता के लिए संबल प्रदान करता है। राम का जीवन विविधता में एकता का संदेश देता है। वे सभी वर्गों (वानर सेना, रीछ, आदि) को साथ लेकर चले। आधुनिक भारत में, जहां सामाजिक-धार्मिक तनाव बढ़ रहे हैं, रामनवमी सद्भाव, करुणा और समानता का संदेश मजबूत करती है। यह हमें सिखाती है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय पाती है। व्यक्तिगत विकास और मानसिक स्वास्थ्य के सन्दर्भ में प्रभु श्रीराम का जीवन एक मार्गदर्शक का रहा है। महाविद्यालय प्रबन्ध सौरभ त्रिपाठी द्वारा आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया व प्राचार्य प्रो आर एन सिंह ने सभी आये हुए अतिथियों व शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्र छात्राओ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो इन्दुशेखर उपाध्याय, पूर्व प्राचार्य डॉ अब्दुल रसीद, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ ओंकारनाथ द्विवेदी, पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, विजय शंकर मिश्र भास्कर, पूर्व प्राचार्य गनपत सहाय पीजी कॉलेज डॉ अरूण कुमार मिश्रा, रामपूजन तिवारी, रमाशंकर मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, मनीष तिवारी, संजय तिवारी, समाजसेवी जितेन्द्र सिंह, सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राम नवमी पर ब्लाक प्रमुख ने कन्याओं के पैर पखारकर प्राप्त किया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । चैत्र नवरात्र की नवमी पर हवन पूजन के उपरांत विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया जिसमें तिलोई की ब्लाक प्रमुख ने कन्याओं के पैर पखारकर पूजन कर चुनरी पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि नवरात्र के पर्व पर भक्तगण देवी मंदिरों में दर्शन पूजन कर उनकी कृपा पाते है और भक्तगण कन्याओं को भोज करवा कर मां को प्रसन्न करते है।नवरात्र के पावन पर्व पर भक्तगण अपनी मान्यताओं और सामर्थ्य के अनुसार कन्याभोज करवाते है बहुत से भक्त देवी मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर कन्याभोज का आयोजन करते है और अपने अपने घरों में भी नवरात्र के दिनों में कन्याओं को भोज करवाते है। चैत्र नवरात्र की नवमी पर ब्लाक प्रमुख के पैतृक आवास पूरे दान सिंह मजरे मेढोना में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ कर हवन पूजन किया गया और ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, स्मिता सिंह पत्नी अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ अर्जिता सिंह ने कन्या रूपी मां के पैर पखार कर भोजन के साथ ही दक्षिणा उपहार आदि देकर उनसे आशीर्बाद प्राप्त किया।

# मोहनगंज में पेट्रोल पम्प पर बवाल करने वाले चार युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने जगदीशपुर मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर विवाद करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के कस्बा मोहनगंज में जगदीशपुर मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाने को लेकर पम्प कर्मियों से कहासुनी ने विकराल रूप धारण कर लिया था और घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में आसपास के लोग पेट्रोल पम्प पर पहुंच गये और हंगामा शुरु हो गया। इसकी खबर मिलते ही थाना मोहनगंज के उप निरीक्षक सैयाम बाबू खां मय हमराह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोगों का गुस्सा शांत नही हो सका। इसी बीच आक्रोशित भीड़ ने पुलिस के वाहन को घेर लिया और बोनट पर चढ़कर हंगामा करने लगे तो भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया और उप निरीक्षक सैयाम बाबू खां की तहरीर पर पांच नामजद बीस पच्चीस अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का अभियोग दर्जकर लिया और अज्ञात लोगों की छानबीन में जुट गई। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूफियान अहमद पुत्र इकबाल अहमद, अबूसैफ पुत्र इकबाल अहमद, मोहम्मद फैजान पुत्र फिरोज, मोहम्मद गजाली पुत्र इकबाल अहमद निवासीगण मोहनगंज मजरे भेलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों की छानबीन की जा रही है वह भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगे।

## सम्पादकीय

# क्या होर्मुज विवाद डॉलर-युआन युद्ध में तबदील हो सकता है?

पिछले हफ्ते ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के बारे में रिपोर्टें सामने आईं, जिनमें भारत जाने वाले एल.पी.जी. वाहक भी शामिल थे। इनमें से एक समूह, कोई आश्चर्य की बात नहीं, ईरानी कच्चे तेल का निर्यात करने वाले जहाजों का था। डाटा एनालिटिक्स फर्म केप्लर के अनुमान के अनुसार, अमरीका और इसराईल के साथ शत्रुता के बावजूद मार्च में ईरान के तेल शिपमैंट ने औसतन 1.3-1.4 मिलियन बैरल प्रतिदिन की गति बनाए रखी। रिपोर्ट के अनुसार, इसका अधिकांश हिस्सा चीन के लिए था, जिसे छोटे रिफाइनर चीनी युआन में भुगतान करके खरीद रहे थे। इसके विपरीत, खाड़ी देशों, जो दुनिया की सबसे मूल्यवान व्यापारिक वस्तु को डॉलर में बेचते हैं, ने अपने तेल को फंसा हुआ पाया है। दशकों से, 'मुद्रा युद्ध' का अर्थ व्यापारिक लाभ के लिए निर्यात को सस्ता करने के लिए पारस्परिक अवमूल्यन का खेल रहा है। क्या होर्मुज एक ऐसा केंद्र बिंदू है, जो एक नए प्रकार के पैट्रो-मुद्रा युद्ध को जन्म दे सकता है? दुनिया के प्रमुख निर्यातक के रूप में, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ ईरान ने अपने लगभग आधे व्यापार को युआन में परिवर्तित किया है। दुनिया के सबसे सस्ते तरीके से निकाले जाने वाले तेल के संरक्षक के रूप में, इस्लामी गणराज्य ने पिछले सप्ताह खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस सुविधाओं पर हुए हमलों के बाद क्षेत्रीय राजतंत्रों के साथ अमरीकी गठबंधन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और पुनर्ध्वचार करने का आग्रह किया। डॉलर में तेल का व्यापार लंबे समय से डॉलर की वैश्विक तरलता को स्थिर रखने में सहायक रहा है, यहां तक कि अमरीका द्वारा सोने के बदले डॉलर का भुगतान बंद करने के बाद भी। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से, कच्चे तेल, गैस और अन्य आयातकों के लिए कीमतें बढने के कारण डॉलर की मांग में उछाल आया है, जिससे डॉलर की कीमत में टैरिफ के कारण आई गिरावट से उबरने में मदद मिली है। व्यापार भुगतानों पर इसका प्रभुत्व आरक्षित मुद्रा के वैश्विक निर्धारक के रूप में अमरीका की भूमिका को मजबूत करता है। इससे शायद अमरीकी औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के लिए डॉलर की मजबूती कम हुई हो लेकिन यह अमरीका को एक विशेषाधिकार भी प्रदान करता है। यह अपने राजकोषीय घाटे को बढ़ा सकता है और आसानी से ऋण का ढेर लगा सकता है, क्योंकि इसे अन्य देशों से सस्ते में उधार लेने की सुविधा मिलती है। जो देश इसके बांड खरीदते हैं या अन्य तरीकों से इसमें पूंजी का निर्यात करते हैं। इससे एक महत्वपूर्ण आथ्र्थक लाभ मिलता है-पूंजी की कम लागत। फिर भी, इसराईल के साथ ईरान पर इसके संयुक्त हमले ने मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिम के कारण इसके बांड यील्ड को बढ़ा दिया है। टैरिफ लगाने वाले व्हाइट हाऊस ने अपनी डॉलर नीति पर मिले-जुले संकेत दिए हैं लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए ईरान को दिया गया इसका अल्टीमेटम तेल संबंधी रणनीति का हिस्सा है, जैसे ईरान के खार्ग निर्यात टर्मिनल पर इसकी नजर। यदि चीन चुपचाप होर्मुज के लिए लंबी लड़ाई के परिणाम में हिस्सेदारी चाहता है, तो संभवतरू इसके बदले में कच्चे तेल के बिल को युआन के पक्ष में स्थानांतरित करना शामिल है। निश्चित रूप से, अभी तक मुद्रा युद्ध छिड़ा नहीं है लेकिन इसका खतरा अब मामूली नहीं है। इस युद्ध का भारतीय रुपए पर क्या प्रभाव पड़ेगा? दुर्भाग्य से, अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। पूंजी प्रवाह में कमी के कारण व्यापार घाटा बढने की आशंका है, ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) की संकटमोचक भूमिका पर ध्यान केंद्रित हो रहा है। डॉलर की बिक्री से रुपए की तरलता भी कम हो रही है, इसलिए इस कमी को दूर करने के लिए आर.बी.आई. को खुले बाजार में बॉन्ड की खरीद बढ़ानी होगी। हालांकि, इस प्रक्रिया की भी एक सीमा है, जिसका अर्थ है कि ब्याज दरों को बढने से रोकने के लिए रुपए को और कमजोर होना पड़ सकता है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, रुपए में गिरावट से निर्यात को बढ़ावा देने की तुलना में मुद्रास्फीति बढने की संभावना अधिक है, इसलिए आर.बी.आई. को अपने कार्यों को विवेकपूर्ण ढंग से समायोजित करना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन: भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है। भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं।



रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा।

दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरुआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है। – **ललित गर्ग**

# 'सत्य' और 'जनसरोकार' की तलाश में पत्रकारिता

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

भारतीय वांग्मय के पौराणिक संदर्भों को देखें तो देवर्षि नारद संभवतः सृष्टि के पहले पत्रकार कहे जा सकते हैं, जो लोकमंगल हेतु सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि से संजय द्वारा धृतराष्ट्र को सुनाया गया आंखों देखा हाल 'लाइव रिपोर्टिंग' का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक विश्व में पत्रकारिता का बीज 131 ईसा पूर्व रोम के 'एक्टा डियुर्ना' (Acta Diurna) में मिलता है, जो प्रस्तर पट्टियों पर सूचनाएं अंकित कर सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाता था। 15वीं शताब्दी में योहन गूटनबर्ग द्वारा मुद्रण यंत्र (प्रिंटिंग प्रेस) के आविष्कार ने सूचनाओं के इस प्रवाह को पंख लगा दिए और 1605 में विश्व का पहला मुद्रित समाचार पत्र 'रिलेशन' अस्तित्व में आया। हिंदी पत्रकारिता का विधिवत जन्म 30 मई 1826 को हुआ, जब पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कलकत्ता से 'उदंत मार्तंड' (उगता हुआ सूरज) का प्रकाशन प्रारंभ किया। हालांकि भाषायी जटिलताओं और डाक व्यय के कारण यह साप्ताहिक पत्र मात्र छह माह ही चल सका, किंतु इसने हिंदी पत्रकारिता की वह मशाल जला दी थी, जिसे आगे चलकर राजा राममोहन राय जैसे समाज सुधारकों ने संरक्षण दिया। 1850 के दशक तक आते-आते प्रेस नियमों में ढील मिली और हिंदी पत्रों ने अपनी जड़ें जमानी शुरू की। 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम ने पत्रकारिता के चरित्र को 'सूचना' से बदलकर 'विद्रोह' कर दिया। इस दौर में पत्रकारों ने कलम को तलवार की तरह इस्तेमाल किया। 20वीं सदी के प्रारंभ में जब स्वतंत्रता आंदोलन तीव्र हुआ, तब पत्रकारिता एक 'मिशन' बन गई। इस कालखंड में महात्मा गांधी का प्रवेश हिंदी पत्रकारिता के लिए स्वर्ण युग सिद्ध हुआ। गांधीजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक प्रखर और आदर्शवादी संपादक भी थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में 'इंडियन ओपिनियन' से जो यात्रा शुरू की थी, उसे भारत में 'नवजीवन' और 'हरिजन' के माध्यम से पराकाष्ठा पर पहुँचाया। गांधीजी का मानना था कि ''पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य सेवा होना चाहिए।'' उन्होंने विज्ञापन रहित पत्रकारिता पर जोर दिया और हिंदी (हिंदुस्तानी) को जन-जन की भाषा बनाने के लिए अपने पत्रों को माध्यम बनाया। उनके संपादन में पत्रकारिता केवल समाचारों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज सुधार और अहिंसक प्रतिरोध का शास्त्र बन गई। 'प्रताप' के गणेश शंकर विद्यार्थी और 'भारत मित्र' के बालमुकुंद गुप्त जैसे योद्धाओं ने गांधीवादी मूल्यों को धार दी। स्वतंत्रता के बाद हिंदी को राजभाषा का गौरव मिला, जिससे पत्र-पत्रिकाओं का विस्तार महानगरों से निकलकर कस्बों तक पहुँचा। दैनिक समाचार पत्रों ने ग्रामीण भारत की नब्ज पहचानी। यह दौर पत्रकारिता के 'साहित्यिक स्वरूप' का भी था, जहाँ अज्ञेय, धर्मवीर भारती और रघुवीर सहाय जैसे दिग्गजों ने 'दिनमान' और 'धर्मयुग' जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से पत्रकारिता को बौद्धिक गरिमा प्रदान की। 1975 का आपातकाल इस यात्रा का सबसे कठिन पड़ाव था, जहाँ प्रेस की स्वतंत्रता पर पहरे लगे, पर 'सद्भावना' जैसे भूमिगत पत्रों ने लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। 1990 के दशक में उदारीकरण ने पत्रकारिता को 'मिशन' से 'प्रोफ़ेशन' और फिर 'मार्केट' (बाजार) में बदल दिया। निजी समाचार चैनलों के उदय ने 'ब्रेकिंग न्यूज' की संस्कृति को जन्म दिया। प्रिंट मीडिया अब रंगीन और बहु-पृष्ठीय हो गया, लेकिन साथ ही 'पेड न्यूज' जैसी विसंगतियां भी उभरीं। 21वीं सदी का दूसरा दशक 'डिजिटल संक्रमण' का रहा। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने हर नागरिक को 'सिटीजन जर्नलिस्ट' बना दिया। आज हिंदी पत्रकारिता सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के दौर में है। जहाँ एक ओर सूचनाएं क्षण भर में वैश्विक हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर 'फ़ेक न्यूज' और 'प्रेस फ्रीडम' की चुनौतियां भी हिमालय की तरह खड़ी हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों का इतिहास 'उदंत मार्तंड' की साधारण स्याही से लेकर आज के डिजिटल पिक्सल तक की महायात्रा है। यह यात्रा दर्शाती है कि माध्यम भले ही बदल गए हों,पत्थर से कागज और कागज से स्क्रीन,परंतु पत्रकारिता की आत्मा आज भी उसी 'सत्य' और 'जनसरोकार' की तलाश में है, जिसका सपना पंडित जुगल किशोर शुक्ल और महात्मा गांधी ने देखा था। आने वाला समय तकनीकी और नैतिकता के बीच संतुलन का है।

## सेहत मंत्र

# दही खाने से भी बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता, पेट को हेल्दी रखते हैं इनमें मौजूद 'गुड बैक्टीरिया'

मौसम में बदलाव के साथ, ठंड या फ्लू से बचने के लिए हमें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह उचित समय है जब आप अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली और जीवन शैली की आदतों पर ध्यान देते हैं। मजबूत इम्यून सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने आहार पर ध्यान देना चाहिए। हमें अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए जो इम्यूनिटी लेवल को बढ़ाने में मदद करें। ऐसा ही एक खाद्य पदार्थ जो मौसम में बदलाव के साथ आपकी इम्युनिटी को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा, वे आपके शरीर को बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। 'हीलिंग फूड्स' बुक के अनुसार, ''मानव आंतों में बैक्टीरिया की लगभग 400 विभिन्न प्रजातियां होती हैं, कुछ अच्छे और कुछ बुरे होते हैं। दही में कई प्रकार के अच्छे बैक्टीरिया पाए जाते हैं। अच्छे बैक्टीरिया कार्बनिक अम्लों को ग्लूकोज में बदलने में मदद करते हैं, कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं, पोषक तत्वों को मेटाबॉलिज करने में मदद करते हैं, भोजन में एंजाइम, प्रोटीन और फाइबर को तोड़ते हैं, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बूस्ट करने में मदद करते हैं। दही में प्रोबायोटिक्स का एक सामान्य प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाला प्रभाव होता है और आंतों में रोगजनक बैक्टीरिया और यीस्ट को बाधित करता है। प्रोबायोटिक्स को विशेष रूप से बच्चों में एक्जिमा जैसी एलर्जी को रोकने की क्षमता दिखाने के लिए भी जाना जाता है। बुजुर्गों या कमजोर प्रतिरक्षा वालो लोगों में, घर की बनी ताजी दही बैक्टीरिया और वायरल संक्रमणों को रोकने में मदद कर सकता है। हमेशा ताजी दही का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए, क्यों कि इसमें अच्छे बैक्टीरिया और प्रोबायोटिक्स होते हैं।

## धर्म मंत्र

# बुधवार को गणेश जी की पूजा के पांच नियम

गणेश जी की पूजा के लिए बुधवार का दिन विशेष माना गया है। इस दिन बुध ग्रह की शांति के लिए भी पूजा-अर्चना की जाती है। यदि व्यक्ति की कुण्डली में बुध ग्रह अशुभ स्थिति में है तो बुधवार को पूजा करने से उसके दोष का निवारण हो सकता है। इसके साथ ही माना जाता है कि गणेश जी की पूजा करने से शनि जैसे कठिन ग्रह सहित सभी ग्रहों के दोष दूर हो सकते हैं। कहते हें कि प्रत्येक बुधवार को गणेश उपासना करने से व्यक्ति का सुख-सौभाग्य बढ़ता है, और जीवन की सभी रुकावटें दूर होती हैं। इस दिन गणपति की पूजा में इन पांच चरणों का अनिवार्य रूप से पालन करें। प्रथम चरण- सर्वप्रथम प्रातः काल स्नान आदि करके गणेश प्रतिमा, यदि संभव हो तो किसी धातु की प्रतिमा का चयन करें, को मिट्टी और नींबू से अच्छे से साफ करके पूजा स्थान पर पूर्व या उत्तर दिशा की और मुख करके लाल रंग के आसान पर स्थापित करें। द्वितीय चरण- इसके पश्चात शुद्ध आसन पर स्वयं भगवान के सम्मुख मुख करके बैठे, और गणेश जी का ध्यान करते हुए उन्हें पुष्प, धूप, दीप, कपूर, रोली, मौलि, लाल चंदन और मोदक आदि पूजन सामग्री समर्पित करें। तृतीय चरण- गणेश जी पर तुलसी दल और तुलसी पत्र नहीं चढ़ाया जाता इसलिए उन्हें किसी शुद्ध स्थान से चुनी हुई दुर्वा धोकर चढ़ायें और लाल पुष्प, पान का पत्ता अर्पित करें। चतुर्थ चरण- ध्यान रहे गणेश जी की पूजा करते समय किसी प्रकार का क्रोध न करें। उन्हें पंचामृत अर्पित करें और आरती करें। पचंम चरण- अंत में श्री गणेश का स्मरण कर 'ऊं गं गणपतये नमः' मंत्र का 108 बार जप करना चाहिए। प्रत्येक बुधवार को इन पांच पायदानों से गुजरते हुए पूजा करने से मनुष्य को निश्चित शुभ लाभ और समृद्धि प्राप्त होगी।

## पर्यटन



# झारखंड के नेतरहाट से खूबसूरत जगह कोई और नहीं

आप सभी ने पहाड़ों की खूबसूरती ज्यादातर उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में देखी होगी। पहाड़ी इलाकों का नाम लेते ही केवल शिमला मनाली ही याद आते हैं। लेकिन हम आप को बताना चाहेंगे कि पहाड़ की सुंदरता आपको केवल यहीं नहीं बल्कि झारखंड में इससे ज्यादा देखने को मिलेगी। झारखंड एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है लेकिन ज्यादा लोगों को इस राज्य की खूबसूरती के बारे में नहीं पता है, लेकिन इस लेख में आज हम आपको झारखंड की सैर कराएंगे। नेतरहाट की खूबसूरती- झारखंड में एक जगह है नेतरहाट। इस जगह के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। नेतरहाट में आदिवासियों की संख्या ज्यादा है और इसके अधिकतर हिस्से में घने जंगल का फैलाव है। इस घने जंगल में आपको साल, सागवान, सखुआ और बांस के पेड़ ज्यादा मिलेंगे। यहां की जो भाषा है उसमें नेतरहाट का मतलब होता है बांस का बाजार। बांस के पेड़ के बारे में तो आप जानते ही होंगे यह लंबे खुशबूदार पेड़ होते हैं। कहते हैं कि इस जगह को प्रकृति ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से संवारा है। यह समुद्र सतह से 3622 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रांची से यह करीब १५० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सनराइज प्वाइंट- अगर आपको उगते सूरज का आकर्षक नजारा देखना हो तो नेतरहाट से खूबसूरत जगह और यहां आपको कहीं नहीं मिलेगी। उगते सूरज का नजारा ऐसा होता है कि मानो आंखों के सामने कोई दृश्य स्थिर हो गया हो। नेतरहाट के घने जंगल के बीच सूर्योदय देखने के लिए यहां सुबह और शाम को पर्यटकों का मेला लग जाता है। मंगोलिया प्वाइंट- अगर आपको ढलता सूरज देखना है तो नेतरहाट का मंगोलिया प्वाइंट इस दृश्य के लिए मशहूर है। मंगोलिया प्वाइंट इसे इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसके पीछे एक कहानी है। यह प्वाइंट एक ब्रिटिश लड़की मंगोलिया की प्रेम कहानी के लिए भी जाना जाता है। जो एक चरवाहे की बांसुरी की धुन से प्रेरित होकर उससे प्रेम करने लगी थी।

# प्राचीन शिव मठ मंदिर का प्रभु राम के जन्मोत्सव पर हुआ जीर्णोद्धार

## मोहल्ला लाइनपुरवा में वर्ष 1897 में हुई थी स्थापना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।1897 की प्राचीन शिव मंदिर का मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के प्रकटोत्सव अवसर पर मंत्रोचार हवन यज्ञ के मध्य जीर्णोद्धार हुआ। यह एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द का एक बड़ा उदाहरण है कि मुस्लिम बस्ती में स्थित इस मंदिर गजर?दर जन सहयोग से संपन्न हुआ।यह दर्शाता है कि भारत में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं और एक दूसरे के धार्मिक स्थलों का सम्मान करते हैं।शहर के नेहरू नगर वार्ड के मोहल्ला लाइन पुरवा में प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर यह अनुपम कार्य नगर पालिका के ईओ संजय कुमार शुक्ल ने जन सहयोग से पूर्ण कराया। शुक्रवार को श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के प्रतिनिधि एपी शर्मा ने हवन-पूजन कराया। शहर के कई सभासद नगर पालिका



के कर्मचारी और गणमान्य लोगों ने जलाभिषेक किया।यह शिव मठ अब सफ़ेद पत्थर के छोटे मंदिर का रूप ले चुका है। मंदिर के चारों ओर आठ-आठ फीट ऊंची चहारदीवारी बनाई गई है। चहारदीवारी के मध्य सैकड़ों साल पुराना पीपल का वृक्ष भी है। वृक्ष के तने को भी पेंट कर सुंदर बनाया गया है। चहारदीवारी के अंदर भजन, कीर्तन व पूजन के लिए पर्याप्त जगह है।

लगभग दो माह पहले डीएम शशांक त्रिपाठी को महंत बी.पी दास ने शिकायत में बताया था कि मठ को पुराने मकान के मलबे से दबा दिया गया है। डीएम के निर्देश पर ईओ ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने मठ का हिस्सा दिखाई देने पर मलबा साफ कराया। मठ की नींव में 1897 की ईंटें निकली। इससे इस मठ की प्राचीनता का पता चला। और मठ के जीर्णोद्धार कराने का फैसला किया।

इस जीर्णोद्धार कार्य में नेहरू नगर वार्ड के सभासद मोहम्मद फैसल व पड़ोसी वार्ड दुर्गापुरी के सभासद सादिक हुसैन ने भी बढ़-चढ़कर मदद की। इन सभी के सहयोग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मंदिर का जीर्णोद्धार हो गया। इस मोहल्ले में जिस परिवार ने मठ की स्थापना की , उसका अब कोई सदस्य नहीं बचा है। वे सदस्य मकान बेचकर चले गए थे।

मुस्लिम आबादी वाले इस मोहल्ले में शिव मठ का जीर्णोद्धार जनसहयोग से हुआ है। यह घटना जिले की गंगा-यमुनी तहजीब को मजबूत बनाती है। यह एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द का एक बड़ा उदाहरण है। यह दर्शाता है कि भारत में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं और एक दूसरे के धार्मिक स्थलों का सम्मान करते हैं। डीएम शशांक त्रिपाठी ने भी इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों की सराहना की है।

# पेट्रोल पंपों पर भीड़ प्रशासनिक अक्षमता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलेभर में डीजल और पेट्रोल की कमी की अफवाह से उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उम्र पड़ी है। लॉकडाउन की आशंका चर्चा सोनी पर सुहागा साबित हो रही है। प्रशासनिक स्तर पर कोई बंदोबस्त या इंतजाम नहीं किया जा रहा है। आम उपभोक्ता समेत कृषक सबसे अधिक हलकान है। हमारे सिरौली गौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा बदोसराय में पेट्रोल पंपों पर भीड़ और तेल की कमी की अफवाहों के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया।दरअसल बीते दो दिवस से बदोसराय के पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की अत्यधिक भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोग डिब्बे, बोतलें और अन्य बर्तन लेकर पेट्रोल-डीजल खरीदने पहुंच गए थे। शाम तक भीड़ इतनी बढ़ गई कि कई पेट्रोल पंप संचालकों ने अपने पंप जल्दी बंद कर दिए।इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि पेट्रोल और डीजल सभी किसानों को लगातार उपलब्ध कराया जाए और तेल टैंकर की मांग भी बराबर की जाती रहे।एसडीएम ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाह या हड़बड़ाहट में न आएं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और टैंकर लगातार आ रहे हैं। बदोसराय के तीनों पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त तेल उपलब्ध है।

### पीड़ित महिला की ओर वन स्टॉप सेंटर की टीम ने बढ़ाया मदद का हाथ हो रही चारों तरफ पशंसा

पीलीभीत।नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने अपनी टीम सखी वन स्टॉप सेंटर क़ो आदेशित किया जिसके क्रम में अलीशा बदला हुआ नाम निवासी केज़ीएन फ़ेस टू कॉलोनो का कोई सगा सम्बन्धी नहीं है।जो उसकी देखभाल कर सके,कोई केयर टेकर महिला के पास रुकने क़ो तैयार नहीं, इसलिए टीम ने रेस्क्यू किया और जिला चिकित्सालय में एडमिट किया गया है। अब महिला के स्वास्थ में सुधार होने तक इलाज की आवश्यकता है।टीम केंद्र प्रसाशिका तृप्ति मिश्रा,लीगल एडवाइजर लता शर्मा एवं महिला होमगार्ड सर्बेश उपस्थिति रही हैं।

### समाजसेवी शिवप्रसाद का निधन,शोक की लहर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी के पिता शिवप्रसाद जी का शुक्रवार को हृदयाघात से राजधानी लखनऊ में निधन हो गया।उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।उनके निधन से ब्लॉक प्रमुख को गहरा आघात पहुंचा है क्योंकि बीते महीनों में उनकी माता व पत्नी का निधन हुआ था।बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्लेटफार्म पार कर रही महिला ट्रेन से कटी, दर्दनाक मौत

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय रेलवे स्टेशन से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मृत्यु हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जगरानी(50) पत्नी राम स्नेह कनौजिया निवासिनी ग्राम वजीरपुर थाना हरगांव (सीतापुर)अपनी बहू फूलमती व दो छोटे बच्चों के साथ देवा शरीफ से जियारत कर घर लौट रही थीं। वह प्लेटफॉर्म नंबर एक से प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाने के लिए पैदल रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं।

प्लेटफॉर्म की ऊंचाई अधिक होने के कारण वह ऊपर नहीं चढ़ पाईं। इसीबीच सूढियामऊ की दिशा से एक मालगाड़ी आ गई। स्टेशन मास्टर और परिजनों ने उन्हें लगातार आवाज दी, लेकिन संभवतः उन्हें सुनाई नहीं दिया। परिणामस्वरूप,वह मालगाड़ी की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हुई।

आरपीएफ दरोगा सुनील कुमार ने बताया कि आवश्यक कागजी कार्रवाई उपरांत शव को पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है।

### संचारी रोग नियंत्रण बैठक , स्वच्छता पर विशेष जोर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सभागार में संचारी रोगों से बचाव के लिए आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा सफाई कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई।शुक्रवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मियों को नालियों में दवा डालने सहित कई आवश्यक निर्देश दिए।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बैठक में गांवों में रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए। बीमारियों के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान करने और स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया।अभियान में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें हाथ धोना और डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए जमा पानी को हटाना शामिल है। लोगों को जागरूक करने के लिए 'संचारी रोग मुक्त हो गांव हमारा' और 'स्वच्छता अपनाएं बीमारी भगाएं' जैसे नारों का भी प्रयोग किया जाएगा।बैठक में मनोज कुमार, सुंदरलाल, सुभाष, इमामुद्दीन सहित कई सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### 96.41 लाख की लागत से संवरेगा प्राचीन गढ़ी मंदिर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पहल से जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का रास्ता साफ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चुंगी स्थित एलआईसी ऑफिस के सामने वर्षों से उपेक्षित पड़े प्राचीन गढ़ी मंदिर को अब नई पहचान मिलने जा रही है करीब 96.41 लाख रुपये की लागत से मंदिर के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की योजना तैयार की गई है नगर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने इस ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल के पुनरुद्धार की पहल करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही है लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े इस मंदिर को लेकर स्थानीय नागरिक लगातार आवाज उठाते रहे, लेकिन पूर्व में इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए चेयरमैन ने बताया कि योजना के तहत मंदिर परिसर की साफ-सफाई, संरचना सुधार, सौंदर्यीकरण और आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर उत्साह है उनका मानना है कि मंदिर का जीर्णोद्धार न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा, बल्कि नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी नई दिशा देगा लंबे इंतजार के बाद अब गढ़ी मंदिर के दिन बदलने की उम्मीद जगी है। यदि प्रस्ताव को जल्द स्वीकृति मिलती है, तो यह प्राचीन धरोहर एक बार फिर अपनी भव्यता के साथ श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगी।

### मंत्री संजय गंगवार के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य शुरू मझोला अमरिया मार्ग पर लोगों को मिली राहत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझोला अमरिया मार्ग पर सड़क निर्माण को लेकर चल रही समस्याओं के बीच अब स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के हस्तक्षेप के बाद मझोला से गिधौर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है नगर क्षेत्र में सड़क खोदने के कारण धूल-मिट्टी और अव्यवस्था से परेशान व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने इस कदम का स्वागत किया है पहले निर्माण कार्य दियूनीडाम से शुरू होने के कारण नगर में दिक्कतें बढ़ गई थीं, लेकिन अब प्राथमिकता बदलने से लोगों को राहत मिलने लगी है स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान अब संभव होता दिख रहा है। वहीं प्रशासन ने भी कार्य को तेजी से और व्यवस्थित तरीके से पूरा करने का भरोसा दिलाया है मंत्री के समय पर हस्तक्षेप से न केवल रुका हुआ काम शुरू हुआ, बल्कि जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल भी देखने को मिली है अब उम्मीद है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और लोगों को जाम व धूल से स्थायी राहत मिलेगी

### कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्र का हुआ समापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे नौ दिनों तक चले चैत्र नवरात्र पर्व का समापन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में कन्या पूजन के साथ संपन्न हो गया अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की इस अवसर पर घरों और मंदिरों में कन्या पूजन कर छोटी-छोटी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका स्वागत किया गया, उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए भक्तों ने व्रत-उपवास का पारायण कर प्रसाद ग्रहण किया मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही और ल्जय माता दीङ्क के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा हैं।

### पांच गुना मुनाफ़े का झांसा, लाखों की ठगी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जहानाबाद क्षेत्र में नेफ्ट निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बरेली निवासी लईक अहमद और नसीम ने आरोप लगाया कि शहादत खां और उसके साथियों ने पांच गुना मुनाफ़े का लालच देकर उनसे करीब 3.80 लाख रुपये निवेश कराए शुरुआत में थोड़ी रकम लौटाकर भरोसा जीतने के बाद आरोपियों ने बाकी पैसा हड़प लिया। पैसे मांगने पर केवल 20 हजार रुपये लौटाए गए और शेष देने से इनकार करते हुए धमकियां दी गईं पुलिस ने शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।आईपीएस नताशा गोयल के अनुसार यह प्रथम दृष्टया फर्जी निवेश और धोखाधड़ी का मामला है।

# मर्यादा पुरुषोत्तम के प्रकटोत्सव पर राम मय हुआ वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का प्रकटोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक धार्मिक रीति से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। दोपहर 12 बजते ही शंख ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हुआ। नगर के लाजपत नगर स्थित राम-जानकी मंदिर में परंपरागत एवं उत्साह पूर्वक पूर्ण भव्यता से प्रभु राम का जन्मोत्सव मनाया गया।

रामनगर'' तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों व ग्रामों में श्रीरामनवमी का त्योहार बड़े ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया।भक्तों ने देव प्रतीक्षित रामनवमी तिथि में हवन पूजन पूर्ण कर कन्या पूजन व भोज कर नवरात्रि व्रत पूर्ण किया।कस्बा रामनगर व गणेशपुर में श्रीरामजानकी ठाकुरद्वारा मंदिर में ठीक दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न माता सीता एवं हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद श्रद्धालुओं को पंचामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिरों पर बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

''निंदूरा'' विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिसई में शुक्रवार को काली माता मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान काली माता की मूर्ति को सुसज्जित वाहन पर विराजमान कर सैकड़ों भक्तों ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली।

यह नगर भ्रमण मोहनपुर, मिर्ज़ापुर, कृष्णा नगर, कुंडवा चौराहा और कस्बा टिकटगंज चौराहा होते हुए पुनः बिसई ग्राम पंचायत पहुंचा।

''फतेहपुर'' नगर में भगवान श्रीराम जन्म महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजे जैसे ही श्रीरामजन्म का शुभ मुहूर्त आया,नगर के बडा ठाकुर द्वारा सहित विभिन्न राम-जानकी मंदिरों में भक्ति और उल्लास का अद्‌भुत संगम देखने को मिला।नगर के मोहल्ला पचघरा स्थित राम लला मंदिर(ठाकुरद्वारा) सहित अन्य देवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

''जैदपुर'' नगर पंचायत के मोहल्ला संगत स्थित श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम नवमी के अवसर

श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान भगवान श्री राम जी के चित्र पर पुष्प वर्षा मध्य बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान भक्तिगढण जिसमें बच्चे और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। केसरिया वस्त्र धारण किए हुए अपने हाथों में केसरिया झंडे व शंख घंटा घड़ियाल बजाते हुए बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे।

इस अवसर पर दीपक निगम रामू जयसवाल ,श्यामू जायसवाल कृष्ण गोपाल सोनी सरवन गुप्ता राकेश रावत राम जी नाग दिनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

''सिरौलीगौसपुर'' । खजुरिहा गांव में स्थित श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा परिसर में श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को भगवान श्री राम का जन्मोत्सव विधि-विधान से मनाया गया।कार्यक्रम की तैयारियां सुबह करीब ग्यारह बजे से शुरू हो गईं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश अवस्थी सहित विष्णु पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, रुद्र प्रताप, मनोराम, दीपक मिश्र, गोविंद, रामकुमार, रविकांत और दिनेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रमुख सचिव वन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व का किया निरीक्षण महिला सशक्तिकरण पर जोर

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव वन वी. हैकाली झिमोमी ने दो दिवसीय दौरे के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व का निरीक्षण कर वन विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उनके साथ प्रधान वन संरक्षक वन्य जीव अनुराधा बैमूरी भी मौजूद रहीं है।दूसरे दिन उन्होंने चूका इको टूरिज्म स्पॉट का जायजा लिया और मुस्तफाबाद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के जंगल भ्रमण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं प्रमुख सचिव ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की दौरे के अंत में अधिकारियों ने उन्हें ससम्मान विदा किया है।

## खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं बेटियाँ : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को गोमतीनगर, लखनऊ स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में पहुंचकर महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने टूर्नामेंट का अवलोकन करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि आज बेटियाँ खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके भीतर नई ऊर्ज़ा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजक भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं बेनी बाबू के विकास कार्य- पुण्यतिथि पर बाबू जी को भावपूर्ण श्द्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । किसानों मजलूमों जरूरतमंदों के हक अधिकार सुरक्षित रहे इसके लिए बाबू जी किसी भी संघर्ष के लिए तैयार रहते थे आम जनमानस की सुख सुविधाओं के लिए उन्होंने अनेकानेक विकास कार्य किये जो आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी की छठवीं पुण्यतिथि पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन मे आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित नमन करने के पश्चात उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि बाबूजी हर जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को एक समान अधिकार मिले इसके लिए निरंतर कार्य किया बाबूजी ने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए तमाम प्रयास किए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार मे मंत्री रहते हुए बाबूजी ने बाराबंकी जनपद ही नहीं देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी जनता को सहूलियत दे रहे बाराबंकी मुख्यालय को जनपद के हर कोने से जोड़ने के लिए उन्होंने तमाम पुल, पुलिया, सड़के बनवाते हुए दूरसंचार मंत्री रहते हुए उन्होंने गांव गरीब के छप्पर में टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करा दी थी यही कारण है कि आज भी जनपद का हर व्यक्ति बाबूजी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता है हम सबको बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जी से शिक्षा लेते हुए आम जनमानस की समस्याओं को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास करते रहना होगा अगर इसके लिए हमें संघर्ष भी करना पड़े तो उससे भी पीछे नहीं हटाना है तभी हम बाबूजी के उस सपने को साकार कर पाएंगे जिसकी बात हमेशा बाबूजी करते थे।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, मौलाना असलम, ज्ञान सिंह यादव, सुरेश चंद्र गौतम, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव रजनी यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदुमन यादव, कामता प्रसाद यादव, यशवंत सिंह यादव, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव, युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, हशमत अली गुडडू , जिला पंचायत सदस्य बासुदेव वर्मा राम सजीवन रावत, बसंत सिंह गौतम, मोहित पाल छोटू, संतोष रावत, मोहम्मद आफाक, नाजमा बानो, सुमन यादव, विजय कुमार गौतम, उदय राज यादव, कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा सही तमाम अन्य पदाधिकारियों ने स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# हैदरगढ़ चीनी मिल द्वारा सीएसआर के तहत सिलाई मषीन वितरण व कृषक संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, इकाई-हैदरगढ़ में सी0एस0आर0 योजनार्न्तगत सिलाई मषीन वितरण व कृषक संगोष्ठी का भव्य अयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 सतीष चन्द्र शर्मा, राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर-प्रदेष सरकार एवं विषिष्ठ अतिथि माननीय दिनेश रावत, विधायक, हैदरगढ़, नगर पंचायत अध्यक्ष, श्री अलोक तिवारी, युवा भाजपा नेता, राजकुमार सिंह, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक, बी0के0 यादव, मुख्य वैज्ञानिक (टिष्यू कल्चर), डा0 प्रताप सिंह, उप महाप्रबन्धक वाणिज्य, गिरिजेष लाल श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक (गन्ना), धर्मेष मेहरोत्रा, मुख्य प्रबन्धक (मा0सं0 एवं प्रषासन) उपदेष शर्मा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बी0के0 यादव द्वारा किया गया उन्होंने



कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये बताया कि बलरामपुर फंाउडेंषन द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण की दिषा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मा0 मंत्री खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर-प्रदेष द्वारा क्षेत्र की 15 महिलाओं को सिलाई मषीन का वितरण किया गया एवं स्टेट हाइवे संख्या-13 पर स्थिति चीनी मिल हैदरगढ़, ग्राम-पोखरा के गेट संख्या-3 के निकट ग्रामवासियों तथा स्कूल के बच्चों को शुद्व जल के लिए पर एक वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। मा0 मंत्री जी ने बताया कि इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी एवं राहगीरों एवं किसानों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे उन्हे गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी। मा0 मंत्री एवं मा0 विधायक जी ने चीनी मिल में स्थित अत्याधुनिक टिष्यू कल्चर लैब का निरीक्षण किया। साथ ही विगत वर्षो में अधिकतम गन्ना आपूर्ति, सर्वाधिक गन्ना बुवाई एवं गन्ना खेती में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी के दौरान जिला गन्ना अधिकारी, बाराबंकी, दुष्यंत कुमार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, गन्ना उत्पादन बढ़ाने के उपायों एवं बेहतर कृषि प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने चीनी मिल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना की तथा कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण विकास, किसान कल्याण एवं महिला सषक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अन्त में चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी अतिथियों, किसानों का आभार व्यक्त किया गया।

### बोतल, डिब्बे व ड्रम में ईंधन देने पर सख्ती, केवल वाहनों में ही मिलेगा पेट्रोल-डीजल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पूर्ति अधिकारी सुलतानपुर द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सभी सहायक प्रबंधकों (खुदरा बिक्री) एवं जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश प्रेषित किया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार अब पेट्रोल पंपों से पेट्रोल एवं डीजल बोतल, डिब्बे, ड्रम अथवा अन्य पात्रों में देने पर सख्ती बरती जाएगी। उपभोक्ताओं को ईंधन केवल वाहनों में ही उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अनावश्यक भंडारण एवं कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। जिला पूर्ति अधिकारी ने निर्देशित किया है कि पेट्रोल पंप संचालक अपने प्रतिष्ठानों पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही आवश्यकता अनुसार ही ईंधन वितरण किया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही की जाएगी।

## बेंगलुरु में आरसीबी और एसआरएच के मुकाबले के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी



बेंगलुरु। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेडियम और आसपास के इलाकों में लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए, विशेष रूप से स्टेडियम के बाहर, सात विशेष दस्ते बनाए गए हैं। ये कड़े सुरक्षा उपाय पिछले साल शहर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर अपनाए गए हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और भी सख्त तरीके अपनाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों की संख्या लगभग दोगुनी करके 45 कर दी गई है। इसके अलावा, स्टेडियम में अतिरिक्त एम्बुलेंस, दमकल गाड़ियां और मेडिकल सहायता केंद्र भी तैनात किए गए हैं। निगरानी को और मजबूत करने के लिए, स्टेडियम के अंदर और आसपास लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पुलिस की टीमें भीड़ की आवाजाही पर रियल-टाइम (सीधे) निगरानी रखेंगी। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश की अनुमति मिले; इसके लिए स्टेडियम के बाहर बिना टिकट वाले प्रशंसकों के जमावड़े को रोकने के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और कई स्तरों वाली सुरक्षा जांच सहित कई उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं। इसके साथ ही, यातायात प्रतिबंध और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने के लिए विशेष क्षेत्र भी निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2026 का सीजन शनिवार को बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर की पुलिस और नागरिक एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां की हैं।

## भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण पदक जीता, व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया

एजेंसी

बैंकॉक। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने इस तरह से अब इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीत लिए हैं। उसके कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है जो पिछले साल के टूर्नामेंट के बराबर है। भारत ने दो कांस्य पदक बुधवार को महिला रिकर्व टीम और पुरुष कंपाउंड टीम ने जीते थे। भारत को दिन में बाद में होने वाले अन्य फाइनल में महिला रिकर्व व्यक्तिगत (रिधि फोर) और पुरुष रिकर्व टीम से पदक मिलना सुनिश्चित है। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। तेजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 तीरों में सिर्फ छह अंक गंवाए और एशिया कप में अपना दूसरा पदक हासिल किया। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में दूसरे चरण में स्वर्ण पदक जीता था। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी, जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान ने अपनी टीमों को 'शत्रु' देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह ''शत्रु'' मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है। बयान के अनुसार, ''जिन देशों को शत्रु माना जाता है और जो ईरान के खिलाड़ियों और टीम के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं, उन देशों में राष्ट्रीय और क्लब टीमों की उपस्थिति की अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगी। एशियाई फुटबाल परिसंघ ने बुधवार को प्लेऑफ के ड्रॉ निर्धारित किए थे जिसके अनुसार इन मैच का आयोजन 13 और 14 अप्रैल को सऊदी अरब के जेद्दा में होना है। इनमें ईरान के क्लब ट्रैक्टर एफसी का मैच भी शामिल था।

### गोरखपुर में एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला रोइंग टीम का शिविर शुरू

**नयी दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर शुक्रवार को गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम को अच्छी तरह से तैयार करना है। भारतीय रोइंग महासंघ के उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश रोइंग संघ के सचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि खिलाड़ी और कोच गोरखपुर पहुंच चुके हैं। एशियाई खेलों में रोइंग प्रतियोगिताएं 20 से 25 सितंबर तक गिफू प्रांत के काइजू शहर में स्थित नागरागावा अंतरराष्ट्रीय रेगाटा कोर्स में आयोजित की जाएंगी। शर्मा ने बताया कि चुने गए खिलाड़ी 51 दिवसीय शिविर के दौरान सिंगल स्कल्स, डबल स्कल्स, पेयर्स और फोर्स स्पर्धा में अभ्यास करेंगे। उत्तर प्रदेश में पहली बार इस तरह के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पुरुषों का रोइंग शिविर पहले से ही पुणे में आर्मी नोड में चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि रामगढ़ झील का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया है और इसका पानी स्थिर होने से खिलाड़ियों को अभ्यास में मदद मिलने की उम्मीद है। शिविर के लिए चुने गए खिलाड़ी इस प्रकार हैं: किरण (हरियाणा), मृण्मयी सलगांवकर (महाराष्ट्र), रुक्मणी, विद्या शंकर (मध्य प्रदेश), बी. आनंदी, किरण देवी (अखिल भारतीय पुलिस नियंत्रण बोर्ड/मेघालय), अश्विनी कुमारन, सानिया कृष्णन, अन्ना हेलेन, हिमा टी., एंजेल मैरी (केरल), मोनिका बदोरिया, अंशिका भारती (ओडिशा)। कोचः राजेश कुमार (सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड), ममता जेना (अखिल भारतीय पुलिस नियंत्रण बोर्ड)।

### वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ी, प्रमुख उद्योगों को प्राथमिकता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। ये क्षेत्र अन्य आवश्यक उद्योगों के लिए आधार का काम करते हैं। मित्तल ने पत्र में स्पष्ट किया, 'अभी तक वाणिज्यिक गैस का आवंटन संकट-पूर्व के स्तर का 50 प्रतिशत ही दिया जा रहा था, जिसमें अब 20 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि का प्रस्ताव है। इस बढ़ोतरी के बाद गैर-घरेलू एलपीजी की कुल आपूर्ति अब संकट शुरू होने से पहले वाली मांग के 70 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

### अदालत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की याचिका खारिज की

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कथित तौर पर 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस कथित अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी। याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू ने अपनी याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।

### रुपया 94.56 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को दोपहर के कारोबार के दौरान 60 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। पश्चिम एशिया संकट के समाधान की कोई राह न निकलने के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी डॉलर में मजबूती के कारण रुपया पहली बार 94.50 के स्तर के पार चला गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव और बढ़ा दिया है। अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.18 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान फिसलकर 94.56 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले, बुधवार को रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ 93.96 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

## ज़्वेरेव सेमीफाइनल में जानिक सिनर का सामना करेंगे

एजेंसी



मियामी। अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने गुरुवार को मियामी ओपन में जानिक सिनर के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली, जब उन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ 6-1, 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत पहली बार है जब 27 वर्षीय खिलाड़ी एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी दोनों में अंतिम चार में पहुंचे हैं। अपने 25वें एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद ज़्वेरेव ने कहा, कल सबसे कठिन परीक्षा होगी। मैं इसके लिए उत्सुक हूं। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, और उम्मीद है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। ज़्वेरेव ने एक घंटे, पांच मिनट तक चले इस मैच के दौरान कभी भी अपना नियंत्रण नहीं खोया। दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन ने अपनी पहली सर्विस में से 76 प्रतिशत (32/46) सही जगह पर डालीं और उन पॉइंट्स में से 84 प्रतिशत (27/32) जीते। उन्होंने अपने द्वारा अर्जित सात ब्रेक पॉइंट्स में से चार भी जीते। क्वार्टर-फाइनल की इस जीत के साथ, जर्मन खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की, जिससे उनकी हेड 2 हेड सीरीज़ में 4-3 की बढ़त हो गई। ज़्वेरेव को इस सीज़न में सेरुंडोलो के खिलाफ बढ़त मिली है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और फिर मियामी में उन्हें सीधे सेटों में हराया है। अर्जेंटीना का यह खिलाड़ी इन सेटों में से किसी में भी चार से ज़्यादा गेम नहीं जीत पाया है। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब अपना ध्यान सिनर के साथ होने वाले सेमीफ़ाइनल मुकाबले पर केंद्रित करेंगे। वे इस महीने की शुरुआत में इंडियन वेल्स में इस इतालवी खिलाड़ी के हाथों सीधे सेटों में मिली हार का जवाब देने की कोशिश करेंगे। इन दोनों के बीच हुई प्रतिद्वंद्विता में सिनर 7-4 से आगे हैं; उन्होंने इन दोनों के बीच हुए पिछले छह मुकाबलों में से हर एक में जीत हासिल की है। हालाँकि, ज़्वेरेव दक्षिण फ़्लोरिडा में काफ़ी मज़बूत और लगातार अच्छी फ़ॉर्म में रहे हैं। इस टूर्नामेंट के चार में से तीन मैचों में उन्हें एक भी 'ब्रेक पॉइंट' का सामना नहीं करना पड़ा है। वे सिनर के ख़िलाफ़ भी इसी स्तर को बनाए रखने की कोशिश करेंगे; सिनर ने अब एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 30 सेट जीते हैं। ज़्वेरेव ने अपनी नई और ज़्यादा आक्रामक खेल शैली के बारे में कहा, अगर इसका फ़ायदा जल्दी मिल जाता है, तो यह और भी बेहतर है।मैं थोड़ी मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार था, लेकिन कोर्ट पर मैं काफ़ी अच्छा महसूस कर रहा हूँ। सेरुंडोलो-जो 2022 में अपने पहले ही प्रयास में मियामी के सेमीफ़ाइनल तक पहुँचे थे, और 2023 व 2025 में क्वार्टर-फ़ाइनल तक का सफ़र तय किया था-तीसरे दौर में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को हराने के बाद मियामी में एक बार फिर अपनी सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में नजर आए। हालाँकि, यह अर्जेंटीनाई खिलाड़ी ज़्वेरेव के खेल के स्तर का मुक़ाबला नहीं कर सका, और इस तरह वह अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफ़ाइनल में पहुँचने का मौक़ा गँवा बैठा।

### विश्व कप से पहले स्पेन का आखिरी अभ्यास मैच पेरू से, मेक्सिको में होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** स्पेन की फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 से पहले अपने अंतिम वॉर्म-अप मैच में पेरू का सामना करेगी। रॉयल स्पैनिश फुटबॉल फ़ेडरेशन ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। यह मुकाबला 8 जून को मेक्सिको के शहर पुएब्ला में खेला जाएगा। यह मैच यूरोपीय चैंपियन स्पेन के लिए विश्व कप अभियान शुरू होने से पहले आखिरी तैयारी का मौका होगा। स्पेन अपने पहले मैच में ग्रुप-एच में केप वर्डे के खिलाफ अटलांटा में उतरेगा। स्पेन इस महीने दो अन्य फ्रेंडली मैच भी खेलेगा, जिसमें सर्बिया और मिस्र के खिलाफ मुकाबले शामिल हैं। इससे पहले अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाला ल्फाइनलिसिमाङ्क मुकाबला कतर में प्रस्तावित था, लेकिन ईरान युद्ध के चलते इसे रद्द कर दिया गया। फीफा विश्व कप 2026 की मेजबानी इस बार मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा मिलकर कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगी, जहां दुनिया की शीर्ष टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। शुरुआती कारोबार के दौरान सोना आज 1,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,44,690 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,32,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## इक्रा ने भारतीय विमानन क्षेत्र का परिदृश्य घटाकर 'नकारात्मक' किया

एजेंसी

मुंबई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने भारतीय विमानन उद्योग के परिदृश्य को 'स्थिर' से घटाकर शुक्रवार को 'नकारात्मक' कर दिया। एजेंसी ने इसके पीछे पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में पैदा हुई बाधाओं का हवाला दिया है। इक्रा ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में भारी गिरावट और विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के कारण यह बदलाव किया गया है। एजेंसी के अनुसार, इन कारकों से विमानन कंपनियों पर लागत का दबाव काफी बढ़ने की आशंका है, जबकि दूसरी ओर मांग में गिरावट का जोखिम बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में केवल शून्य से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। वहीं, भारतीय विमानन कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या सात से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो अपेक्षाकृत कमजोर मांग की ओर इशारा करता है। पश्चिम एशिया संकट से पहले, इक्रा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में छह से आठ प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में आठ से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान जताया था। हालांकि, अब इन अनुमानों में कमी आने की आशंका है। इक्रा ने कहा कि हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ानों के रद्द होने और ईंधन अधिभार लगाए जाने के बाद हवाई किराए में बढ़ोतरी से यात्री यातायात वृद्धि पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, उड़ानों के मार्ग बदलने से ईंधन की खपत और परिचालन लागत बढ़ने की भी आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा हवाई किराये की अधिकतम सीमा हटाए जाने से भी मांग पर बुरा असर पड़ सकता है। टिकट की कीमतों में भारी उछाल से भविष्य में यात्रा की मांग कम हो सकती है।

## डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली को कार्यशील बनाने की जरूरत: पीयूष गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्य देशों से विवाद निपटान प्रणाली को पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। इसका कारण वर्तमान में यह व्यवस्था निष्क्रिय है, जिससे देशों को विवादों के प्रभावी निपटान से वंचित होना पड़ रहा है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधारों को पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित प्रक्रिया के माध्यम से लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में विकास को केंद्र में रखे जाने की बात कही। गोयल 26 मार्च से अफ्रीकी देश कैमरून के याउंडे में आयोजित विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के पहले दिन गोयल ने कहा कि ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क रोक को आगे बढ़ाने के संबंध में सावधानीपूर्वक पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''एक निष्क्रिय विवाद निपटान प्रणाली ने सदस्य देशों को विवादों के प्रभावी निपटान से वंचित कर दिया है। हमें स्वचालित और बाध्यकारी विवाद निपटान प्रणाली को बहाल करना होगा। डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान व्यवस्था 2009 से ठीक से काम नहीं कर रही है क्योंकि अमेरिका ने अपीलीय निकाय में सदस्य देशों की नियुक्तियों में बाधा डाली है। भारत ने सीमा शुल्क स्थगन के दायरे पर चर्चा करने की आवश्यकता पर बार-बार बल दिया है, क्योंकि इससे राजस्व पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन को लेकर सीमा शुल्क पर स्थगन के दायरे के मामले में सदस्यों के बीच आम सहमति के अभाव में और इसके संभावित महत्वपूर्ण प्रभावों को देखते हुए इस स्थगन के निरंतर विस्तार पर सावधानीपूर्वक पुनर्विचार की आवश्यकता है। विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों ने 1998 से 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क नहीं लगाने पर सहमति व्यक्त की है। इस रोक को समय-समय पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में बढ़ाया गया है। डब्ल्यूटीओ का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 166 सदस्यों का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है। डब्ल्यूटीओ सुधारों पर मंत्री ने कहा कि आवश्यक सुधार एक पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने चाहिए। इसमें विकास को केंद्र में रखा जाए और गैर-भेदभाव, आम सहमति आधारित निर्णय लेने और समानता जैसे मूलभूत सिद्धांतों को बनाए रखा जाए। गोयल ने कृषि पर कहा कि खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण, विशेष सुरक्षा उपाय और कपास पर स्थायी समाधान काफी समय से लंबित मुद्दे हैं और सदस्य देशों को 'प्राथमिकता के आधार पर इन पर निर्णय करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''भारत एक व्यापक मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है जो वर्तमान और भविष्य की मछली पकड़ने की जरूरतों को संतुलित करे, गरीब मछुआरों की आजीविका की रक्षा करे और उचित एवं प्रभावी नियंत्रण एवं परिवर्तन उपायों को लागू करे।

गोयल ने कहा कि डब्ल्यूटीओ रूपरेखा में बहुपक्षीय परिणामों को शामिल करना आम सहमति पर आधारित होना चाहिए। मंत्री ने कहा, ल्हम रचनात्मक रूप से इस बात के लिए प्रयासरत रहेंगे कि डब्ल्यूटीओ वैश्विक व्यापार का केंद्र बना रहे। हम इसमें सुधार करने का प्रयास करेंगे ताकि यह जवाबदेह बना रहे, विकास, समानता और समावेश के लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम हो और आम सहमति और बहुपक्षवाद पर आधारित होकर गरीब, कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों के हितों की बेहतर सेवा कर सके।

# मप्र के मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले, आर्थिक मदद का ऐलान

एजेंसी

बोले- दिवंगत के परिजन को 4-4 लाख और सभी घायलों को दी जाएगी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

भोपाल, 27 मार्च (हि.स.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को दोपहर बाद छिंदवाड़ा पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ादायक है। मध्य प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इन परिवारों को संबल योजना की चार लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जायेगी। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सभी घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 ग्रामों में पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम करेर तहसील मोहखेड़ की सिया पत्नी कृष्णा इनवाती, रामदास पुत्र सुकलू पराने, दौलत पवार, भागवती पत्नी दान सिंह और शकुन पत्नी लखीचन्द्र यादव के निवास जाकर मुलाकात की। ग्राम करेर में प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम ग्वारा और ग्राम झिरिया पहुंचे। उन्होंने यहां प्रभावित परिवारों के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवार के सदस्यों से चर्चा कर कहा कि दुख की इस घड़ी में मध्य प्रदेश सरकार आपके साथ है। आपको हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिला अस्पताल में उपचाररत घायलों का जाना हाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में हुई सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर घायलों को नागपुर अथवा अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था की जाए। राज्य सरकार घायलों के निःशुल्क उपचार के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अन्य जगह रेफर किए जाने की स्थिति में भी राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी।

घायलों का सहयोग करने वाले जवानों को किया जायेगा पुरस्कृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रशासन, नागरिकों और पुलिस बल के उन जवानों की सराहना की, जिन्होंने दुर्घटना के बाद सभी स्थितियों को कुशलतापूर्वक सम्हाला। उन्होंने उन पुलिस जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, जिन्होंने घायलों की पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से सहायता की। वे रामनवमी के पहले से निर्धारित सतना जिले के चित्रकूट के विभिन्न कार्यक्रमों को निरस्त कर छिंदवाड़ा में प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे।

छिंदवाड़ा में पिकअप और बस की भिड़ंत में 10 लोगों की हो गई थी मौत

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले मे मोहखेड़ थाना क्षेत्र के सेमरिया हनुमान मंदिर के पास गुरुवार की रात मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे लोगों से भरी बस और पिकअप के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई थी। छिंदवाड़ा-नागपुर रोड पर हुए इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 30 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

छिंदवाड़ा में गुरुवार को हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए थे। बस में सवार सभी यात्री हितग्राही सम्मेलन में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। बस में 47 लोग सवार थे। बस शाम करीब 6.30 बजे उमरानाला इलाके में पहुंची थी, तभी यह हादसा हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 6 से अधिक एंबुलेंस से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्राम करेर में एक साथ उठी पांच अर्थियां

इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से पांच करेर गांव के निवासी थे, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को करेर गांव में जब मृतकों की अर्थियां एक साथ उठीं, तो माहौल बेहद गमगीन हो गया। हर ओर रोने-बिलखने की आवाजें गूंजती रहीं। परिजन अपने प्रियजनों के शवों से लिपटकर विलाप करते नजर आए।

## पीएम मोदी 30 को नमो ऐप के जरिए असम के लोगों से करेंगे सीधा संवाद

गुवाहाटी। असम विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में जनसंपर्क को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 मार्च को ल्लनमो ऐपङ्क के माध्यम से असम के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

भाजपा के अनुसार, प्रधानमंत्री इस बीच विभिन्न जनसभाओं के जरिए जनता से जुड़ रहे हैं और अब यह डिजिटल संवाद अभियान उनके जनसंपर्क को और व्यापक बनाएगा। इस पहल के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिक भी सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ सकेंगे।

राज्य भाजपा ने सभी कार्यकर्ताओं और असम के नागरिकों से अपील की है कि वे ल्लनमो ऐपङ्क डाउनलोड कर उसमें पंजीकरण करें, ताकि इस विशेष और इंटरएक्टिव कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। ऐप डाउनलोड करने के लिए इच्छुक व्यक्ति 1800-209-0920 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं।

## भाजपा ने इस डिजिटल संवाद को एक अनूठी पहल बताते हुए लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया है, ताकि प्रधानमंत्री के साथ उनका सीधा संवाद स्थापित हो सके

पटना। रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना में भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। डाकबंगला चौराहे पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान कंकड़बाग, कदमकुआं और अन्य क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नवीन ने विधिवत आरती उतारकर झांकियों का स्वागत किया। मंच संचालन भी नितिन नवीन ने किया, जहां उन्होंने रामभक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

झांकियों में भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी के जीवन प्रसंगों को सुंदर और मनोहारी रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

# पेज एक का शेष

### भगवान...

रामनवमी के अवसर पर 26 व 27 मार्च को दो दिन करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आज दोपहर तक लगभग 3.5 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं अनुमान है कि देर रात तक यह संख्या बढ़कर करीब 4 लाख तक पहुंच सकती है। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

रामनवमी के दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को फूलों, रोशनी और रंग-बिरंगी लड़ियों से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और आरती का सिलसिला चल रहा था। श्रीराम लला के सूर्य के किरण से मस्तकाभिषेक का दृश्य देखने लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। हर तरफ जय जय सियाराम, जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। सूर्य तिलक रामलला के प्रति ईश्वरीय कृपा और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभु राम के प्रति अटूट आस्था का संदेश देगा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रभु श्रीराम के जन्म पर देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सोशल मीडिया पर भावपूर्ण संदेश साझा किया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से लाइव देखा सूर्य किरण से श्रीरामलला का मस्तकाभिषेकबेंगलुरु के वैज्ञानिकों की विकसित प्रणाली में सूर्य की किरणों को सटीक रूप से श्रीरामलला के मस्तक तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। दिन में ठीक दोपहर 12 बजे रामलला के दिव्य भाल पर भगवान सूर्य की किरण का स्वर्णिम तिलक किया गया। आस्था और आधुनिक विज्ञान के अद्‌भुत मिलन का प्रतीक यह परंपरा हर वर्ष रामनवमी पर दोहराई जाती है और यह भारत की प्राचीन ज्योतिषीय एवं वास्तु विद्या के साथ आधुनिक ऑप्टिकल साइंस का संगम दर्शाती है। श्रीरामलला के सूर्य किरण से मस्तकाभिषेक का दूरदर्शन ने लाइव प्रसारण किया। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका लाइव प्रसारण देखा।

रामनवमी के दिन जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। दशरथ महल, कनक भवन, हनुमान गढ़ी सहित अयोध्या के हजारों मंदिरों में भी राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। करीब आठ हजार मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ। राम पथ, सरयू घाट और आसपास के क्षेत्रों में भक्तों का सैलाब दिखाई दिया। जगह-जगह भंडारे लगाए गए, जहां मथुरा से आई लगभग 5 क्विंटल पंजीरी और लड्डू प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। रामनचमी पर अयोध्या में जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी । अयोध्या को कई जोनों और सेक्टरों में बांटा गया। ट्रैफिक प्लान लागू किया गया, ड्रोन निगरानी, एंटी-ड्रोन सिस्टम और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया, बैरियर और शटल सेवाएं व्यवस्थित की गईं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इंटेलिजेंस एजेंसियां सतर्क रहीं। परिणामस्वरूप उत्सवपूर्ण शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

### सूर्य तिलक...

जन-जन के हृदय में श्रद्धा, शक्ति और स्वाभिमान का संकल्प-सूर्य प्रज्ज्वलित कर रहा है। यह भारत को उसकी मूल आत्मा से पुनः जोड़ रहा है। प्रभु श्री राम के दिव्य 'सूर्य तिलक' का आलोक 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के संकल्पों को दिशा दे रहा है। क्योंकि जहां राम हैं, वहीं राह है, और वहीं भारत उजास बनकर जगमगाता है। जय जय श्री राम।

### मुख्यमंत्री...

उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। दुर्वा से उनका अभिषेक किया, माला पहनाई। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा-उपहार प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अन्न क्षेत्र में सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से परोसा। आयोजन में आईं सभी कन्याओं को पूजनोपरांत चुनरी, दक्षिणा और उपहार दिया गया। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। कन्या पूजन अनुष्ठान के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ सहित कई संत व मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कन्या पूजन से पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना हुई।

### उप्र में सज्जनों...

यूपी में विरासत का सम्मान है और विकास की गारंटी भी। गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में 06 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन करने के अवसर प्रदान किए गए हैं। हर क्षेत्र में विकास के साथ प्रदेश में 02 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को पीएम-सीएम आवास योजना का लाभ मिला है। लगभग 10 करोड़ लोगों को पीएम-सीएम जन आरोग्य योजना में 05 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया गया है। 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी, वासंतिक नवरात्रि की सिद्धि प्रदान करने वाली, सुख-समृद्धि और सर्वत्र खुशहाली प्रदान करने वाली पावन तिथि है। वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का पावन जन्मोत्सव भी रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। प्रभु श्रीराम भारत के सनातन धर्म की परंपरा में भारतीय जीवन पद्धति के एक अत्यंत पवित्र आदर्श के रूप में हर सनातन धर्मावलंबी के लिए सदैव से प्रेरणा रहे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन चरित्र सबको प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पावन जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने वाला हर भारतीय आज सुखद अनुभूति कर रहा है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के उपरांत 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से रामलला की भव्य-दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। राम दरबार में प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भरत जी, लक्ष्मण जी, शत्रुघ्न जी के साथ पवनसुत हनुमान जी विराजमान हो चुके हैं। 25 नवंबर 2025 को पीएम मोदी ने भव्य राम मंदिर में भारत के सनातन धर्म के प्रतीक केसरिया ध्वज के आरोहण का कार्य भी संपन्न किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी नवरात्रि की प्रतिपदा पर 19 मार्च को राष्ट्रपति अयोध्या आईं और उन्होंने श्री रामजन्मभूमि मंदिर के ऊपरी तल में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। अयोध्या में हुए इन कार्यों को देश और दुनिया के हर सनातन धर्मावलंबी ने अपनी आंखों से देखा है और आनंद की अनुभूति भी की है। हर सनातनी अपने जन्म और जीवन को धन्य-धन्य महसूस करता है। कई-कई पीढ़ियां जो कार्य नहीं देख पाईं, वह उन्होंने अपने जीवन में अपनी आंखों से देखा है।

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म के सभी व्रत और पर्व हम सबको जीवन में संकल्पित होने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। वासंतिक हो या शारदीय नवरात्रि, यह मातृशक्ति के प्रति सनातन धर्म की श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मिशन शक्ति के माध्यम से नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए कार्यक्रम संचालित कर रही है। मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों के साथ ही यूपी में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 फीसदी महिला आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल में वर्तमान में 44,000 से अधिक महिला पुलिस अधिकारी और कार्मिक सफलतापूर्वक इस अभियान को आगे बढ़ाकर महिला सुरक्षा और स्वावलंबन में योगदान दे रही हैं।

### ट्राला...

पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है, जिनमें पांच महिलाएं और तीन बच्चे हैं। हादसे में घायल बीस लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पिकअप में 28 लोगों के सवार होने की सूचना मिली है। जो फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र स्थित बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल में लगी है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

### बजट...

राज्यसभा में विनियोग (2) विधेयक, 2026 और वित्त विधेयक, 2026 पर चर्चा का संयुक्त जवाब दिया। इसके बाद सदन ने केंद्रीय बजट 2026-27 को अपनी मंजूरी दे दी है।

राज्यसभा में दोनों विधयेक पर चर्चा का संयुक्त जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि एक वर्ष (2025) में राजस्व विभाग ने आयकर अधिनियम, 1961 में सुधार किए, और एक नई आयकर प्रणाली शुरू की है, जो अधिक सरल और जिसका पालन करना आसान है। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि सरकार सक्रिय है और बदलती स्थिति पर नजर रख रही है।

सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण कई देशों में स्थिति खराब है। भारत में हम इससे अच्छी तरह से निपट रहे हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि देश में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है, नेताओं को अफवाहें नहीं फैलाना चाहिए। हम सतर्क रहेंगे। राजकोष का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करेंगे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के बावजूद डीजल और पेट्रोल की कीमतें अपरिवर्तित हैं।

वित्त मंत्री ने सदन में चर्चा के दौरान कहा कि पेंशन प्रशासन प्रणाली (स्पर्श) यह सुनिश्चित करता है कि निधि ठीक समय पर सीधे खातों में ट्रांसफर हो जाएं। पैसा तभी जारी किया जाता है जब राज्य सरकारें भी अपना हिस्सा देती हैं, जिससे यह पक्का होता है कि दोनों ही बिना किसी देरी के ज़मीनी स्तर तक पहुंचें। उन्होंने बताया कि एक बार उपयोग प्रमाण पत्र मिल जाने के बाद, अगली किस्त जारी कर दी जाती है और यह चक्र चलता रहता है।

सीतारमण ने राज्यसभा में चर्चा के दौरान कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट संसाधनों का इंतज़ार नहीं करता और फंड्स को बेवजह रोककर नहीं रखा जाता। वित्त मंत्री ने डीएमके सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल पर पार्टी की मीटिंग में डीएमके मौजूद नहीं थी।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि 30 से ज्यादा चीजें जीएसटी से मुक्त हैं, अगर जरूरत हुई तो मैं उनकी सूची शेयर कर सकती हूं। इनका इस्तेमाल हर कोई करता है, खासकर गरीब और आम नागरिक। सीतारणम ने कहा कि सितंबर में हमने जीएसटी से मुक्त कैटेगरी में और भी कई चीजें शामिल कीं है। उन्होंने बताया कि दालें और अनाज जीएसटी से मुक्त हैं। ताजे फल और सब्जियां जीएसटी से से मुक्त हैं। आटा, मैदा और बेसन जीएसटी से मुक्त हैं। ताजी ब्रेड, गुड़ वगैरह ये सभी जीएसटी से मुक्त हैं।

इससे पहले वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में विचार और वापसी के लिए वित्त विधेयक, 2026 और विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2026 दोनों विधेयक को एकसाथ पेश किया था। लोकसभा ने बुधवार को 32 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2026 पारित कर दिया था। राज्यसभा से वित्त विधेयक 2026 के पारित होने के साथ ही लोकसभा ने बजटीय अनुमोदन प्रक्रिया में अपनी भूमिका पूरी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में कुल 53.47 लाख करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है, जो 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की तुलना में 7.7 फीसदी ज्यादा है, जो अगले वित्त वर्ष के लिए कुल पूंजीगत खर्च 12.2 लाख करोड़ रुपये प्रस्तावित है। इसमें 44.04 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व संग्रह और 17.2 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो मौजूदा वित्त वर्ष के 4.4 फीसदी से कम है।

### राष्ट्रपति....

चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करते हुए नवाचार और निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि बिजली औद्योगिक विकास, नवाचार और जीवन स्तर में सुधार की आधारशिला है। यह सेवा उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और देश की ऊर्जा संरचना को मजबूत करने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक और घरेलू परिदृश्य में आर्थिक नीति निर्माण और उसका प्रभावी क्रियान्वयन पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इन अधिकारियों की भूमिका सतत विकास सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन और असमानताओं को कम करने में अहम होगी। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे हमेशा याद रखें कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी छिपी होती है। आर्थिक नीति की असली कसौटी केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उसके परिणाम होते हैं। इसका उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए, विशेष रूप से उन लोगों के जीवन को जो सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

### कमर्शियल...

सुजाता शर्मा ने कहा कि पीएनजी के विस्तार कार्य में तेजी लाई गई है, जिसके तहत प्रतिदिन 10,000 से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। साथ ही जमाखोरी के खिलाफ़ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिसके तहत लगभग 3 हजार छापेमारी की गई है, सैकड़ों एफआईआर दर्ज की गई हैं और गैस वितरकों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की गई है। सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी न करें।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, ''जैसा कि आप सभी जानते हैं, हम एक युद्ध जैसी स्थिति में हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध की वजह से कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की हमारी आपूर्ति पर असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल और अन्य उत्पादों की कीमतें भी बहुत बढ़ गई हैं। हालांकि, भारत सरकार ने इस स्थिति को बहुत प्रभावी ढंग से संभालने के लिए कई स्तरों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं...।''सुजाता शर्मा ने कहा, ''इन सभी उपायों के परिणामस्वरूप 14 मार्च से लेकर 26 मार्च तक कमर्शियल उपभोक्ताओं को लगभग 30,000 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की गई है। जब भारत सरकार ने ये निर्णय लिए तो उसने यह सुनिश्चित किया कि रेस्तरां, ढाबों, होटलों, औद्योगिक कैंटीनों, प्रवासियों और श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाए...।'' वहीं, सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने कहा कि हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे अफ़वाहों पर विश्वास न करें और फ़ेक न्यूज से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि इससे पहले एलपीजी की कमी के बारे में गलत जानकारी फैलने से लोग घबराकर बुकिंग करने लगे थे, लेकिन उस स्थिति को काबू में कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि यह साफ करना जरूरी है कि किसी भी चीज की कोई कमी नहीं है और नागरिकों को पेट्रोल पंपों पर भागदौड़ करने की कोई जरूरत नहीं है। राजन ने कहा कि गलत जानकारी फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं और लोगों से आग्रह है कि वे ऐसी बातों पर विश्वास न करें।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज या भारतीय नाविक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। सिन्हा ने बताया कि फारस की खाड़ी में 20 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं, जिन पर 540 भारतीय नाविक सवार हैं और वे भी सुरक्षित हैं। सिन्हा ने बताया कि डीजी शिपिंग का 'डीजीकॉम सेंटर' चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इसके अलावा, फक्म्द्यद्ध क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से 25 भारतीय नाविकों को जहाज़ से उतरने के बाद सुरक्षित रूप से भारत वापस लाया गया है।

### देश ...

आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें किसी वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों की वजह से देखी गईं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें करीब 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर से अधिक हो गई हैं, लेकिन इसके बावजूद देश में ईंधन आपूर्ति बाधित नहीं है और कीमतों को स्थिर बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। भारतीय मिशन 24 घंटे सक्रिय है और वहां मौजूद भारतीय नागरिकों, छात्रों और फंसे हुए लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उड़ानों पर प्रतिबंध के बीच वैकल्पिक मार्गों से यात्रा की व्यवस्था की जा रही है, जबकि कुछ परीक्षाएं स्थगित या रद्द की गई हैं। इसी संदर्भ में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की वैश्विक साझेदारों के साथ बातचीत लगातार जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए फ्रांस के दौरे पर हैं और उन्होंने इस बैठक के इतर फ्रांस, कनाडा, दक्षिण कोरिया, जापान, ब्राजील, ब्रिटेन, जर्मनी और यूक्रेन के अपने समकक्षों से मुलाकात की।

जायसवाल के अनुसार इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पश्चिम एशिया के हालात पर भी चर्चा हुई। जी7 बैठक के पहले सत्र में विदेश मंत्री ने वैश्विक शासन सुधार, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार, शांति अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने और मानवीय आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य सुरक्षा को लेकर ग्लोबल साउथ की चिंताओं को भी उठाया। दूसरे सत्र में उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं का जिक्र करते हुए अधिक मजबूत व्यापार गलियारों और आपूर्ति शृंखलाओं की आवश्यकता पर बल दिया।

शिपिंग मंत्रालय के अनुसार खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से जुड़ी किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बीस जहाजों पर तैनात 540 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। डीजी शिपिंग का कम्युनिकेशन सेंटर 24 घंटे सक्रिय है और अब तक कई कॉल और ईमेल का जवाब देते हुए 25 नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई है। देश के किसी भी बड़े या छोटे बंदरगाह पर भीड़ या बाधा की स्थिति नहीं है।

इस बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तेज़ वृद्धि हुई है। इस स्थिति में रिफाइनरियों को निर्यात के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है, जिसे संतुलित करने के लिए सरकार ने डीज़ल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सेस लगाया है। सरकार ने दोहराया कि देश में आवश्यक वस्तुओं और ईंधन की कमी नहीं है तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री से की भेंट

## रेपिड रेल को हरिद्वार-ऋषिकेष तक विस्तार करने का किया आग्रह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की।मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें उत्तराखंड आगमन का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री धामी ने रेपिड रेल को मेरठ से हरिद्वार व ऋषिकेष तक विस्तार करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री धामी ने भेंट के दौरान प्रधानमंत्री को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को टिहरी स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की प्रतिकृति, बद्री गाय का घी, विभिन्न जिलों के पांच



प्रकार के राजमा और शहद भेंट किए। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी की फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्‌टी के लिए एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं के संचालन में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का विशेष धन्यवाद दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण, चम्पावत बाईपास, देहरादून रिंग रोड और देहरादून-मसूरी रोड जैसी आधारभूत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए भी आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उनके पूर्व दौरे के दौरान दिए गए सुझावों पर की गई अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। धामी ने बताया कि उत्तराखंड को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न स्थलों पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र के रूप में कई क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है और शीतकालीन यात्रा के प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि आदि कैलाश यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है और राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग और कयाकिंग जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# राज्यपाल का पिथौरागढ़ दौरा, योजनाओं की समीक्षा व स्टालों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह (से. नि.) शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर पिथौरागढ़ पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल ने योजनाओं की समीक्षा और स्टालों का निरीक्षण किया।

नैनी-सैनी हवाई अड्‌डे पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत पुलिस विभाग की ओर से राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। राज्यपाल ने हवाई अड्‌डा परिसर में ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, जिला उद्योग केंद्र और ह्लहाउस ऑफ हिमालयाज सहित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, स्वरोजगार गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। राज्यपाल ने उत्पादों की पैकेजिंग की सराहना करते हुए महिलाओं की आय में हो रही वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों व




समूहों को इसे और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के अधिक उपयोग के माध्यम से उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए लगन एवं परिश्रम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात राज्यपाल ने जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता के लिए योजनाओं का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

# विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त


कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के सफल संपादन के लिए जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नामित करते हुए आदेश जारी किया है।सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के लिए नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार नंदन कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यवस्थाओं के लिए भी अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। छपाई व्यवस्था के लिए मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, प्रशिक्षण कार्य के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिरान कलियर के प्रधानाचार्य आशीष नौटियाल को जिम्मेदारी दी गई है। तकनीकी सहायता (आईटी) के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी यशपाल सिंह, मीडिया समन्वय के लिए पुलिस उपाधीक्षक ज्वालापुर सोशल मीडिया सेल संजय चौहान और जिला सूचना अधिकारी रती लाल, कंट्रोल रूम व्यवस्था के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, परिवहन व्यवस्था के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) नेहा झा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# चंडीगढ़ में एयर शो के दौरान फाइटर जेट्स ने बनाया तिरंगा, आसमान में दिखे शानदार करतब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में सुखना लेक पर 27 मार्च से दो दिवसीय एयर शो की शुरुआत हो गई है, जिसमें भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने आसमान में शानदार करतब दिखाए। कार्यक्रम के दौरान फाइटर जेट्स ने आकाश में तिरंगा, डायमंड और अंग्रेजी अक्षर 'इ' की आकृतियां बनाकर दर्शकों को रोमांचित किया। शो देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बिना प्री-बुकिंग एंट्री पर रोक लगाई है। इस दौरान सुखना लेक को आम लोगों के लिए बंद रखा गया है और मुख्य अतिथि के रूप में चीफ सेक्रेटरी राजेश प्रसाद भी कार्यक्रम में शामिल हुए। एयर शो के दौरान सूर्यकिरण टीम ने समन्वय और सटीकता के साथ कई हवाई करतब पेश किए। फाइटर जेट्स ने एक साथ उड़ान भरते हुए आकाश में अलग-अलग आकृतियां बनाई, जिसमें डायमंड फॉर्मेशन और अंग्रेजी अक्षर 'इ' प्रमुख रहे। सबसे खास पल तब रहा जब जेट्स ने तिरंगा



बनाकर देशभक्ति का संदेश दिया, जिसे देखकर दर्शकों ने उत्साह के साथ तालियां बजाईं। सुखना लेक पर आयोजित इस शो को देखने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रशासन ने पहले से ही स्पष्ट कर दिया था कि केवल प्री-बुकिंग वाले लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए गक्टक्क की टीम को भी तैनात किया गया है, जो आसमान में उड़ने वाले पक्षियों पर नजर बनाए हुए है, ताकि शो के दौरान किसी तरह की बाधा न आए। शो देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्य अतिथि के तौर पर चीफ सेक्रेटरी राजेश प्रसाद शामिल हुए। एयर शो में बिना प्री-बुकिंग के एंट्री नहीं दी गई। इस दौरान लेक आम लोगों के लिए बंद कर दी गई है। गक्टक्ककी टीम आसमान में उडने वाले पक्षियों पर नजर रखी। इस शो में दो पायलट चंडीगढ़ के विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह और दिवाकर शर्मा भी शामिल हैं। इसके साथ ही आर्मी पब्लिक स्कूल चंडी मंदिर के 2005 बैच के छात्र रहे विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह भी सूर्य किरण की एरोबैटिक टीम का हिस्सा रहे और इस टीम को लीड किया। इनके साथ ही फ्लाइट लेफ्टिनेंट कमल संधू भी टीम का हिस्सा रहे। वहीं इससे पहले सुबह से ही बूंदाबांदी हुई। हालांकि इससे शो पर कोई असर नहीं पड़ा। प्रशासन की तरफ से शो में आने वाले लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था सुखना लेक पर खुले में की गई है। इस एयर शो में चंडीगढ़ के दो पायलटों की भागीदारी खास आकर्षण का केंद्र रही। विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह और दिवाकर शर्मा इस टीम का हिस्सा हैं। तेजेश्वर सिंह, जो आर्मी पब्लिक स्कूल चंडी मंदिर के 2005 बैच के छात्र रह चुके हैं, इस एरोबैटिक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ फ्लाइट लेफ्टिनेंट कमल संधू भी टीम में शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया।

## अपहरण–फिरौती मामले का घोषित अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुमित उर्फ बादल (30) के रूप में हुई है। वह हरियाणा के हिसार का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित सुमित उर्फ बादल थाना कपासहेड़ा में दर्ज वर्ष 2019 के अपहरण-फिरौती मामले (एफआईआर संख्या 204/2019) में वांछित था। आरोपित को द्वारका कोर्ट ने बीती 13 मार्च को भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की (डब्ल्यूआर-II) यूनिट ने लगातार अभियान चलाया हुआ है। इसी दौरान 24 मार्च को एसआई कुलदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित हिसार के धिरणवास गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर गौतम मलिक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

## गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी में पिता–पुत्र गिरफ्तार, 50 एलपीजी सिलेंडर बरामद

नई दिल्ली। राजधानी में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर नकेल कसते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रोहिणी जिले के कराला-कंझावला इलाके में छापेमारी कर 50 अवैध एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच (एनआर-1) की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सुखबीर नगर, राम विहार इलाके में एलपीजी सिलेंडरों का अवैध भंडारण और रिफिलिंग का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने समन्वित कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान आरोपित कुंवर पाल (55) और उसका बेटा पंकज पाल (21) मौके पर अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए।

# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़

## अवैध सिलेंडरों के साथ एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हरिद्वार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने भारी संख्या में अवैध गैस सिलेंडरों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका के तनावपूर्ण हालात के बीच गैस की संभावित कमी का फायदा उठाकर मोटा मुनाफा कमाने की योजना बनाई जा रही थी। इसी क्रम में अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण कर कालाबाजारी की जा रही थी। वरिष्ठ



अधिकारियों के निर्देश पर भीड़भाड़ वाले इलाकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही पुलिस को 27 मार्च को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि रावली महदूद क्षेत्र में बड़ी मात्रा में एलपीजी सिलेंडरों का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की। मौके से भारी संख्या में अवैध एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी सिलेंडरों के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस के अनुसार, भीड़भाड़ वाले इलाके में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही जिला पूर्ति अधिकारी, हरिद्वार को बुलाया गया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपित का नाम पता जावेद पुत्र अख्तर निवासी रविदास मंदिर के पास, रावली महदूद, थाना सिडकुल, जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# नशा मुक्ति केंद्र में हत्या आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर थाना पुलिस ने हिरनकी स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में हुई हत्या के मामले को महज एक घंटे में सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल खून से सना चाकू बरामद किया है। बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने शुक्रवार को बताया कि सुबह कश्मीरी कॉलोनी, हिरनकी स्थित बी-29 पते पर चाकूबाजी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां परिसर में खून बिखरा मिला। जांच में पता चला कि घायल को पहले ही बुराड़ी अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान सत्य विहार, बुराड़ी निवासी अरुण कुमार (22) के रूप में हुई है। उसके पिता रिक्शा चालक हैं। परिजनों के अनुसार, अरुण किशोरावस्था से ही नशे का आदी हो गया था, जिसके चलते उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर विवेक के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित अरुण जोशी (27) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका मृतक से झगड़ा हुआ था। उस दौरान कथित तौर पर गाली-गलौज हुई थी, जिसका बदला लेने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

# भारत विकास परिषद ने रामनवमी पर किया कन्या पूजन

## शाखा पाँच अति निर्धन कन्याओं के पठन-पाठन का एक वर्ष का उठाएगी खर्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। चैत्र श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भारत विकास परिषद के रक्सौल शाखा के तत्वावधान में भव्य कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर के कोईरिया टोला स्थित शिवनारायण निवास परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सीमा गुप्ता, किरण गुप्ता, श्वेता रानी, कामिनी सिंह, शकुन्तला देवी, ममता देवी, मीना देवी, बबली सिकारिया, अरुणिमा जायसवाल ने सक्रिय




भूमिका निभाई। समारोह में कुल 30 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान किए गए। पूजन के क्रम में कन्याओं के चरण पखारे गए, उनका श्रृंगार किया गया तथा मां दुर्गा की आराधना के मंत्रोच्चारण के बीच आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात सभी कन्याओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया और उन्हें पठन सामग्री, फल एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। इस अवसर पर परिषद के सचिव नरेश कुमार, वित्त सचिव सुनील कुमार एवं महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाखा अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी एवं सचिव नरेश कुमार ने कन्याओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज और राष्ट्र की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि कन्याएं अबला नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा हैं। महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि नवरात्र में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी की आराधना के पश्चात हवन एवं कन्या पूजन का विशेष महत्व है। नारी शक्ति स्वरूपा है और भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्थान प्राप्त है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे यौन शोषण, भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न आदि–पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियों का संरक्षण और सम्मान समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से संकल्प लेने का आह्वान कियाह्लबेटी बचायेंगे, तभी सृष्टि बचेगी; बेटियां हैं तो कल है।समाज में बेटियों का सम्मान एवं सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शाखा के संस्कार संयोजक विजय कुमार साह ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि 'बेटी बचाओऽबेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत रक्सौल शाखा द्वारा पाँच अति निर्धन कन्याओं के एक शैक्षणिक वर्ष तक के ट्यूशन शुल्क, पुस्तक, कॉपी, कलम एवं अन्य पठन सामग्री का सम्पूर्ण खर्च वहन किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में वित्त सचिव सुनील कुमार, सम्पर्क प्रमुख उमेश सिकारिया, नीतेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, अजय कुमार,सुभाष अग्रवाल, सुनील कुमार, विजय कुमार साह , विनोद कुमार, अरविंद जायसवाल, विनोद रौनियार, दिनेश प्रसाद, संतोष कुमार एवं अरूण कुमार सहित परिषद के अनेक सदस्यों का कन्याओं को उपहार भेंट के साथ सराहनीय योगदान रहा।

# जयश्रीराम के गूंज के साथ पहरे हनुमान पताका, मंदिरों में जुटी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। जिलेभर में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नवादा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमान पताका के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके साथ ही पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

नवादा नगर के प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में रामनवमी को लेकर विशेष आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए कतारबद्ध नजर आए। भक्तों ने विधि-विधान से ध्वजारोहण कर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को मनाया और सुख-समृद्धि की कामना की। जिले के विभिन्न हिस्सों में



स्थित राम जानकी मंदिरों और हनुमान मंदिरों में भी इसी तरह का उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-पाठ किया और हनुमान पताका फहराकर भगवान राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की गाथाओं से जुड़े भक्ति गीतों का गायन किया गया। भजन मंडलियों ने रामचरितमानस के अंशों का संगीतमय प्रस्तुतीकरण कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, राम भक्त हनुमान की महिमा का गुणगान करते हुए भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रामनवमी के अवसर पर जिले के कई क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इन शोभायात्राओं में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ-साथ हनुमान जी की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने धार्मिक दृश्यों का जीवंत चित्रण किया, जिसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए और पूरे मार्ग में जयकारे गूंजते रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063